website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 13 | अंक : 340 | पेज: 8 | जयपुर, रविवार 16 नवम्बर 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## श्रीनगर पुलिस स्टेशन में बड़ा धमाका: सैंपलिंग के दौरान ब्लास्ट, 9 की मौत, 32 घायल

### -DGP बोले— आतंकी हमला नहीं, तकनीकी त्रुटि से हुआ ब्लास्ट

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में शुक्रवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। नौगाम पुलिस स्टेशन के अंदर देर रात लगभग 11:22 बजे बड़ा धमाका हुआ, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 32 लोग घायल हो गए। यह धमाका तब हुआ जब पुलिस और फॉरेंसिक टीम हरियाणा के फरीदाबाद से जब्त किए गए विस्फोटक सामग्री का सैंपल ले रही थी। घटना के बाद पूरे श्रीनगर में सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया। घायलों को तुरंत 92 आर्मी बेस हॉस्पिटल और SKIMS सौरा में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में कई की हालत नाजुक बनी हुई है।



**कैसे हुआ धमाका?-**

अधिकारियों के अनुसार, धमाका उस वक्त हुआ जब व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल से जुड़े एक मामले की जांच के तहत जब्त विस्फोटक की सैंपलिंग की जा रही थी। फरीदाबाद से बरामद यह विस्फोटक दिल्ली के लाल किला ब्लास्ट केस से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि, अब तक यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन परिसर में पूरा 360 किलो विस्फोटक लाया गया था या उसकी केवल कुछ मात्रा ही जांच के लिए रखी गई थी। यही अस्पष्टता जांच एजेंसियों की प्राथमिक जांच का हिस्सा है।

**DGP नलिन प्रभात का बयान: 'यह आतंकी हमला नहीं, एक हादसा'-**

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (DGP) नलिन प्रभात ने घटना के तुरंत बाद मीडिया को बताया कि यह कोई आतंकी हमला नहीं था, बल्कि एक हादसा था। उन्होंने कहा— "विस्फोटक का सैंपल लेते समय तकनीकी कारणों से ब्लास्ट हो गया। यह पूरी तरह एक एक्सीडेंट था, इसमें किसी तरह की साज़िश की बात सामने नहीं आई है।" DGP ने यह भी बताया कि मारे गए 9 लोगों में पुलिस, फॉरेंसिक टीम, राजस्व विभाग और अन्य नागरिक शामिल थे, जो जांच टीम के साथ मौके पर मौजूद थे।

**मारे गए लोगों की पहचान-**

धमाके में जान गंवाने वाले 9 लोगों में शामिल हैं– 1 पुलिस इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम के सदस्य, 2 क्राइम ब्रांच के फोटोग्राफर, 2 राजस्व विभाग के अधिकारी, 1 दर्जी, जिसे पुलिस स्टेशन में फाइलों के लिए कवर सिलने का काम दिया गया था, इन सभी की मौके पर ही या अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई।

**फरीदाबाद से मिला 360 किलो विस्फोटक-**

दरअसल, यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से जब्त किया गया था। पुलिस ने हाल ही में वहां से डॉ. मुजम्मिल गनई को गिरफ्तार किया था, जिसके किराए के घर से लगभग 360 किलो विस्फोटक मिला था। मुजम्मिल गनई को इससे पहले दिल्ली ब्लास्ट केस में भी गिरफ्तार किया जा चुका है। 10 नवंबर को लाल किला के पास एक कार ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके तार जम्मू-कश्मीर के व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल से जुड़े बताए जा रहे हैं। गनई वर्तमान में दिल्ली पुलिस की हिरासत में है और NIA तथा दिल्ली स्पेशल सेल उससे पूछताछ कर रही हैं। फरीदाबाद से जब्त विस्फोटक उसी केस का हिस्सा था जिसकी फॉरेंसिक जांच चल रही थी।

**क्या सुरक्षा प्रोटोकॉल में चूक हुई?-**

धमाके के बाद यह बड़ा सवाल उठ रहा है कि— क्या इतना अधिक विस्फोटक पुलिस स्टेशन जैसे आबादी वाले क्षेत्र में रखा जाना चाहिए था? क्या सैंपलिंग के वक्त सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया? क्या विस्फोटक को डिफ्यूज़ करने या नष्ट करने का उचित इंतज़ाम था? जांच टीम इन सभी सवालों के जवाब तलाश रही है। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि विस्फोटक की मात्रा अत्यधिक संवेदनशील थी और थोड़ी सी भी तकनीकी त्रुटि बड़े धमाके की वजह बन सकती है।

## बिहार जीत का दिल्ली में जश्न: मोदी बोले— कांग्रेस मुस्लिम लीगी माओवादी पार्टी

### -छठ को ड्रामा कहने वाले बिहार की इज्जत नहीं कर सकते

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद राजधानी दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में शुक्रवार शाम भव्य जश्न मनाया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था। इसी जोश के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम 6 बजकर 51 मिनट पर मुख्यालय पहुंचे। जैसे ही पीएम मंच पर आए, उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गमछे लहराकर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने भी गमछा लहराकर इस अभिवादन का जवाब दिया और सबको जीत की बधाई दी। अपने 42 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कई राजनीतिक मुद्दों पर बेबाक और तीखे बयान दिए। उन्होंने कहा कि "बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया है।" उनका इशारा एनडीए को मिले प्रचंड जनादेश की तरफ था। पीएम ने कहा कि इस बार जनता ने इतनी स्पष्ट राय दी है कि जो लोग बिहार में "कट्टा सरकार" की बात करते थे, उनका राजनीतिक अध्याय अब हमेशा के लिए खत्म हो गया है।



**छठ पूजा पर टिप्पणी को लेकर विपक्ष पर वार-**

पीएम मोदी ने अपने भाषण में बिहार की पहचान और सांस्कृतिक गर्व से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने विरोधी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि "जो लोग छठ पूजा को ड्रामा कह सकते हैं, वे बिहार की इज्जत क्या करेंगे?" इसके बाद मंच पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने "छठी मईया" के जयकारे लगाए और पूरा परिसर गूंज उठा। प्रधानमंत्री ने यह संदेश स्पष्ट तौर पर देने की कोशिश की कि बिहार की सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े मुद्दे चुनावी राजनीति में कितने अहम हैं, और इस बार जनता ने उस सम्मान को सुरक्षित रखने के लिए वोट किया।

**कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों पर तीखी टिप्पणी-**

अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब "मुस्लिम लीगी माओवादी पार्टी" जैसी बनती जा रही है और उसकी राजनीति दिशा और विचारधारा दोनों में भारी विचलन दिख रहा है। इसके साथ ही उन्होंने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों के आगामी चुनावों का भी जिक्र किया। पीएम ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में भी जनता बदलाव के लिए तैयार है और वहां भी भाजपा सरकार बनने वाली है।

**एनडीए की जीत को बताया विकास की जीत**

प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि बिहार की जनता ने जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति को निर्णायक तरीके से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल गठबंधन की नहीं, बल्कि बिहार के विकास और सुशासन की जीत है।

## उत्तर–मध्य भारत में कड़ाके की ठंड की दस्तक

### -राजस्थान में 5 डिग्री, MP में शीतलहर; दिल्ली में प्रदूषण बरकरार

नई दिल्ली (एजेंसी)। हिमालय से आ रही बर्फीली हवाओं ने उत्तर और मध्य भारत में सर्दियों की असली शुरुआत का ऐलान कर दिया है। नवंबर के मध्य में ही तापमान में तेज गिरावट दर्ज की जा रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और दिल्ली–एनसीआर में मौसम अचानक करवट ले चुका है। कई शहरों में न्यूनतम तापमान सीजन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है, जिससे लोगों को सुबह-शाम गलन का अहसास होने लगा है।



**राजस्थान में पारा 5 डिग्री तक गिरा-**

राजस्थान में इस बार सर्दी ने अपने तेवर जल्दी दिखाने शुरू कर दिए हैं। सीकर, अलवर, चूरू और फतेहपुर जैसे शेखावटी क्षेत्र के शहरों में ठंड चरम पर है। फतेहपुर में तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान है। इसके अलावा, सीकर और अलवर समेत 10 से ज्यादा शहर ऐसे रहे जहां पारा सामान्य से कहीं नीचे दर्ज किया गया। शुष्क हवाओं और रात के समय साफ आसमान की वजह से रेगिस्तानी इलाकों में तापमान तेजी से गिरता है। यही वजह है कि राजस्थान में दिन में धूप खिली होने के बावजूद सुबह और रात में लोगों को ठिठुरन महसूस हो रही है। खेतों में पाला जमने की संभावना भी बढ़ गई है, जिससे किसानों को फसलों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना पड़ रहा है।

**मध्य प्रदेश में लगातार शीतलहर-**

मध्य प्रदेश में सर्द हवाओं का असर और भी ज्यादा देखने को मिल रहा है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, सागर और जबलपुर संभाग में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच चुका है। शहडोल इस सीजन का सबसे ठंडा शहर रहा, जहां रात का तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह शिवपुरी में पारा 8 डिग्री तक पहुंच गया। राज्य के कई हिस्सों में मौसम विभाग ने शीतलहर (Cold Wave) की चेतावनी जारी की है। तेज़ उत्तरी हवाओं के चलते सुबह-शाम गलन बढ़ गई है और लोग अब गर्म कपड़ों का सहारा लेने लगे हैं। बाज़ारों में गर्म वस्त्रों की खरीदारी बढ़ गई है।

**दिल्ली में प्रदूषण से राहत नहीं-**

राजधानी दिल्ली में तापमान में गिरावट के साथ हवा की गुणवत्ता एक बार फिर चर्चा में है। बुधवार की सुबह एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) में मामूली सुधार दिखा, लेकिन स्थिति अब भी गंभीर है।

## भारत के पड़ोसी देशों की करेंसी प्रिंटिंग पर चीन का बढ़ता दबदबा

वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)। भारत के ज़्यादातर पड़ोसी मुल्क अब करेंसी प्रिंटिंग के लिए चीन का रुख कर रहे हैं। ताज़ा मामला नेपाल का है, जहां नेपाल राष्ट्रीय बैंक (NRB) ने 7-8 नवंबर को 1000 रुपए के 43 करोड़ नोट छापने के लिए टेंडर जारी किया। यह टेंडर चीन की सरकारी कंपनी चाइना बैंक नोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन (CBPMC) ने जीत लिया। इसके बाद नेपाल ने आधिकारिक तौर पर यह पूरा कॉन्ट्रैक्ट चीन को सौंप दिया। नेपाल और भारत के ऐतिहासिक रिश्ते इस क्षेत्र में काफी गहरे रहे हैं। 1945 से 1955 तक नेपाल की सारी करेंसी भारत के नासिक सिक्योरिटी प्रेस में छपी। इसके बाद भी कई सालों तक भारत ही नेपाल का सबसे अहम पार्टनर बना रहा। लेकिन 2015 में नेपाल ने ग्लोबल टेंडर निकाला और पहली बार चीन की CBPMC कंपनी को नोट छापने का बड़ा कॉन्ट्रैक्ट दे दिया। तब से नेपाल के ज़्यादातर नोट चीन में ही प्रिंट हो रहे हैं। नेपाल के अलावा श्रीलंका, मलेशिया, बांग्लादेश और थाईलैंड जैसे देश भी अब अपनी करेंसी चीन में छपवा रहे हैं। यानी दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई मुल्क धीरे-धीरे चीन पर निर्भर होते जा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है—



कम लागत (सस्ती प्रिंटिंग)
तेज़ डिलीवरी
बड़ी टेक्नोलॉजी और सुरक्षा फीचर
सरकारी सपोर्ट और कस्टमाइज्ड सर्विस

चीन की यह तेज़ी अब अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पारंपरिक नोट-प्रिंटिंग हब के लिए चुनौती बन चुकी है। अब तक दुनियाभर के कई देशों की करेंसी इंग्लैंड की De La Rue और अमेरिका की कंपनियां छापा करती थीं।

## झारखंड के स्थापना दिवस पर अमित शाह, ओम बिरला और सीएम योगी ने राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। हर साल 15 नवंबर को झारखंड का स्थापना दिवस मनाया जाता है। साल 2000 में बिहार से अलग होकर झारखंड एक अलग राज्य बना। यह प्रदेश शनिवार को अपना 25वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने शुभकामनाएं दी हैं।



**प्राकृतिक संपदा और जनजातीय विरासत की पावन भूमि 'झारखंड' के स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं-**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "प्राकृतिक संपदा और जनजातीय विरासत की पावन भूमि 'झारखंड' के स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। झारखंड ने आजादी के आंदोलन से लेकर राष्ट्रीय स्वाभिमान के हर कार्य में अग्रणी भूमिका निभाई है। बाबा वैद्यनाथ से प्रदेशवासियों की निरंतर उन्नति की कामना करता हूं।"

**प्राकृतिक वैभव, खनिज संपदा और अद्वितीय सांस्कृतिक विविधता से समृद्ध झारखंड के स्थापना दिवस पर सभी झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं-**

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने लिखा, "प्राकृतिक वैभव, खनिज संपदा और अद्वितीय सांस्कृतिक विविधता से समृद्ध झारखंड के स्थापना दिवस पर सभी झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह धरती अपने साहस, श्रमशीलता, आदिवासी गौरव और लोकपरंपराओं के लिए विशेष पहचान रखती है। कामना है कि राज्य निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छुए, यहां के लोगों का जीवन अधिक समृद्ध, शांत और खुशहाल बने, और झारखंड अपनी प्राकृतिक सुंदरता व सांस्कृतिक अस्मिता के साथ उज्ज्वल भविष्य की राह में और आगे बढ़े।"

**भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरा झारखंड के स्थापना दिवस पर सभी झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं-**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लिखा, "अद्‌भुत प्राकृतिक सौंदर्य से अलंकृत, विविध लोक-परंपराओं से समृद्ध, विपुल खनिज संपदा से पूरित, भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरा झारखंड के स्थापना दिवस की सभी झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। झारखंड विकास पथ पर सतत गतिमान रहे एवं सभी भाई-बहनों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली बढ़े, यही कामना है।"

## ढाका में हिंसा भड़की, BGB की 12 अतिरिक्त टुकड़ियां तैनात

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका इन दिनों तनाव और अराजकता की चपेट में है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के समर्थकों द्वारा किए जा रहे लगातार प्रदर्शनों के कारण शहर में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। पिछले तीन दिनों से चल रहे विरोध-प्रदर्शन ने कई इलाकों में आगजनी, तोड़फोड़ और हाईवे जाम जैसी गंभीर स्थितियां पैदा कर दी हैं। हालात को काबू में रखने के लिए सरकार ने सुरक्षा इंतज़ाम और अधिक सख़्त कर दिए हैं। ढाका और उसके आसपास के पाँच जिलों में हसीना समर्थक लगातार हाईवे जाम कर विरोध जता रहे हैं, जिसकी वजह से आम लोगों की आवाजाही ठप हो गई है। कई महत्वपूर्ण मार्गों पर ट्रैफ़िक पूरी तरह रुक चुका है, जिससे जरूरी सेवाओं पर भी असर पड़ रहा है। इसी बीच कई गाड़ियों में आग लगाने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं भी सामने आई हैं। बढ़ते तनाव को देखते हुए सरकार ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (BGB) की 12 अतिरिक्त टुकड़ियां राजधानी में तैनात कर दी हैं।



## BBC ने ट्रम्प से गलत वीडियो पर मांगी माफी

### -लेकिन 1 बिलियन डॉलर मुआवजा देने से इनकार

वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)। ब्रिटेन की प्रतिष्ठित मीडिया संस्था BBC ने गुरुवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उनके 6 जनवरी 2021 वाले भाषण के गलत एडिट को प्रसारित करने पर औपचारिक माफ़ी मांगी है। यह वही भाषण था जब उसी दिन ट्रम्प समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर हमला किया था, जिसके बाद पूरी दुनिया में हलचल मच गई थी। BBC के चेयरमैन सैमिर शाह ने इस मुद्दे पर व्हाइट हाउस को व्यक्तिगत पत्र लिखते हुए कहा कि एडिटिंग में हुई गलती अनजाने में हुई, और संस्था उसके लिए खेद व्यक्त करती है। शाह ने स्वीकार किया कि वीडियो को गलत तरीके से एडिट करने से भ्रम की स्थिति बनी और यह BBC के मानकों के अनुरूप नहीं था। हालांकि, माफ़ी के बावजूद BBC ने ट्रम्प द्वारा मांगे गए 1 बिलियन डॉलर (करीब 8400 करोड़ रुपये) के भारी-भरकम मुआवजे को सख्ती से खारिज कर दिया है। BBC का कहना है कि गलती स्वीकारने के बावजूद संस्था ने ट्रम्प की मानहानि नहीं की, इसलिए मुआवजे की कोई कानूनी या नैतिक बुनियाद नहीं बनती। संस्था का तर्क है कि एडिट का उद्देश्य ट्रम्प की छवि खराब करना नहीं था और इससे उनकी व्यक्ति या पद को कोई वास्तविक नुकसान नहीं हुआ। इस विवाद ने BBC के अंदर भी बड़े स्तर पर हलचल पैदा की।




## पीएम मोदी का गुजरात दौरा

### -बुलेट ट्रेन निरीक्षण से लेकर बिरसा मुंडा जयंती समारोह तक

सूरत (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के दौरे पर हैं, और यह दौरा कई अहम विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और निरीक्षण के लिहाज़ से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सबसे पहले प्रधानमंत्री सूरत में बन रहे बुलेट ट्रेन स्टेशन पहुंचे, जहां वे मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति का जायजा ले रहे हैं। यह प्रोजेक्ट भारत के अब तक के सबसे हाई-टेक और प्रतिष्ठित बुनियादी ढांचा विकास कार्यों में से एक है।



भारत की पहली बुलेट ट्रेन शुरू होने के बाद मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा समय करीब दो घंटे तक कम हो जाएगा, जिससे व्यावसायिक गतिविधियों, औद्योगिक निवेश और पर्यटकों की आवाजाही में बड़ी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर पर स्टेशन निर्माण, पुल, सुरंगें और ट्रैक बिछाने का काम तेज़ी से चल रहा है। मोदी का यह दौरा केवल समीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य यह भी है कि दुनिया देख सके कि भारत तेजी से हाई-स्पीड रेल तकनीक को अपनाने की दिशा में किस तरह आगे बढ़ रहा है। सूरत स्टेशन को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर तैयार किया जा रहा है, जहां अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं, हाई-स्पीड रेल सिस्टम और स्मार्ट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी।

**नर्मदा जिले में बिरसा मुंडा की जयंती समारोह में शामिल होंगे प्रधानमंत्री-**

सूरत के निरीक्षण के बाद प्रधानमंत्री मोदी नर्मदा जिले के डेडियापाड़ा जाएंगे, जहां वे भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित बड़े समारोह में हिस्सा लेंगे। बिरसा मुंडा भारत के आदिवासी समुदाय के महानायक, स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक सुधारक माने जाते हैं। उनकी जयंती को प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की है, ताकि जनजातीय समाज के योगदान और संघर्ष को राष्ट्र स्तर पर सम्मान मिल सके। डेडियापाड़ा में पीएम मोदी ₹9,700 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं का सीधा लाभ नर्मदा, तापी, दाहोद और दक्षिणी गुजरात के आदिवासी बहुल इलाकों को मिलेगा। इनमें सड़क निर्माण, जल परियोजनाएं, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा के नए संस्थान, ग्रामीण विकास कार्य और कृषि-वर्धन से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं।

**एक लाख आदिवासी परिवारों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में होंगे शामिल-**

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### बालमन के भावों की अनदेखी: टूटते बचपन की दर्दनाक हकीकत

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में हम बड़े तो हर दिन भागते-भागते अपनी मंज़िलों को तलाशते रहते हैं, लेकिन इसी दौड़-भाग में जिस सबसे नाज़ुक और महत्वपूर्ण पहलू को हम पीछे छोड़ देते हैं, वह है बच्चों का भावनात्मक संसार। माता-पिता और अभिभावक अक्सर समझ ही नहीं पाते कि बच्चों की छोटी-छोटी लगने वाली बातें, उनके अंदर कितनी बड़ी हलचल का कारण बन सकती हैं। और जब इन मनोभावों की अनदेखी लगातार होती रहती है, तब उसका नतीजा कितना भयावह हो सकता है, यह हम हाल ही में कई दिल दहला देने वाली घटनाओं में देख चुके हैं—जहां खेलने-कूदने और हंसने की उम्र में बच्चों ने मौत को गले लगा लिया। बच्चों पर बढ़ता शैक्षणिक दबाव, प्रतियोगी माहौल, 'हर हाल में बेस्ट परफॉर्मेंस' की चाह, और 'बेहतरीन करियर' की उम्मीदें—ये सभी कारक तो हैं ही, लेकिन वास्तविक चिंता की बात यह है कि बालमन में उठने वाले सवालों, उलझनों, डर, तनाव और भावनाओं को समझने की कोशिश न घर में होती है, न स्कूलों में। कई बार माता-पिता यह मान लेते हैं कि बच्चा तो बढ़िया दिख रहा है, पढ़ाई कर रहा है, तो सब ठीक होगा। लेकिन बच्चों के अंदर दबा हुआ भावनात्मक तूफान किसी को दिखता नहीं। और जब कभी घर या स्कूल में इन भावनाओं को समझने की कोशिश होती भी है, तब तक अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है। देशभर में बच्चों के साथ होने वाला यह भावनात्मक उपेक्षा का व्यवहार एक जैसी तस्वीर पेश करता है। राजस्थान में पत्रिका की पहल पर जब बच्चों ने भगवान को चिट्ठियाँ लिखीं, तब उन खतों में जो दर्द उभरा, वह सिर्फ सवाल नहीं थे, बल्कि उनके भीतर की घुटन, अकेलापन और अनकहे डर थे। किसी ने लिखा—उसे जबरन कोचिंग भेजा जा रहा है, किसी ने लिखा कि घर में उसकी बात ही नहीं सुनी जाती। किसी ने खुद को मोबाइल की लत से छुटकारा दिलाने की अर्ज़ी की, क्योंकि उसे लगता था कि उसकी ज़िंदगी उस स्क्रीन में कैद हो गई है। इन चिट्ठियों ने साबित कर दिया कि बच्चों के दिलों में कितना सन्नाटा और कितनी तकलीफ दबी होती है, जिसे वे किसी से कह नहीं पाते। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आंकड़ों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। पिछले दस वर्षों में छात्र-छात्राओं की आत्महत्या के मामलों में 65% की वृद्धि हुई है। ये आंकड़े सिर्फ नंबर नहीं, बल्कि टूटते हुए बचपन, दम घुटती मासूमियत और ऐसे समाज की तस्वीर हैं, जो बच्चों की भावनात्मक जरूरतों को समझने में असफल हो चुका है। बच्चे जब अपनी तकलीफों को शब्द नहीं दे पाते, तो उनका मन भीतर ही भीतर भारी होता जाता है। और जब यह बोझ असह्य हो जाता है, तब वे ऐसे कदम उठा लेते हैं, जिन्हें रोकना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी थी। सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम बच्चों को अंक, रैंक और उपलब्धियों का पैमाना थमा देते हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं सिखाते कि दुख आने पर क्या करना है।

## जनादेश 2025: राजग की प्रचंड जीत और महागठबंधन की नाकामी—बिहार में नेतृत्व, गठबंधन और वोट बैंक की नई कहानी'

### -एग्जिट पोल की भविष्यवाणियों को उलटता बिहार का फैसला

बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम इस बार कई मायनों में चौंकाने वाले साबित हुए। एग्जिट पोल्स की अनुकूल भविष्यवाणियों के बावजूद जिस प्रकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने स्पष्ट और प्रचंड बहुमत हासिल किया, वह न केवल राजनीतिक विश्लेषकों के अनुमान से परे था, बल्कि बिहार की राजनीति में एक नए समीकरण की ओर भी संकेत करता है। यह चुनाव केवल सीटों का खेल नहीं था, बल्कि नेतृत्व की विश्वसनीयता, गठबंधन की मजबूती, जातीय संतुलन, विकास की अपेक्षाओं और विपक्ष की रणनीतिक कमजोरी—इन सभी पहलुओं का मिला-जुला परिणाम था। बिहार की राजनीति पर प्रधानमंती नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गहरा प्रभाव इस चुनाव में एक बार फिर साबित हुआ। नीतीश कुमार पिछले दो दशकों से बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे हैं। यह सही है कि देश के कई राज्यों में मुख्यमंत्री 20 वर्ष या उससे अधिक समय तक सत्ता में रहे हैं, इसलिए सिर्फ लंबे शासन को सत्ता-विरोधी भावना का कारण बताना सही नहीं होगा। बिहार में भी मतदाता सिर्फ "सत्ता परिवर्तन" के मूड में नहीं दिखे। पिछली बार के कड़े मुकाबले को ध्यान में रखते हुए जो लोग निकट परिणाम की उम्मीद कर रहे थे, वे इस बार के जनादेश से असहज रूप से आश्चर्यचकित हुए हैं।

**जनादेश के पीछे नेतृत्व बनाम भ्रम का अंतर**

सबसे पहला और बड़ा संदेश यही है कि बिहार के मतदाताओं की नजर में अब भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता, विश्वसनीयता और नेतृत्व क्षमता उनके सभी प्रतिद्वंद्वियों से काफी ऊपर है। नरेंद्र मोदी का राष्ट्रीय स्तर पर करिश्मा और नीतीश कुमार की प्रशासनिक पकड़—दोनों




ने मिलकर इस चुनाव को राजग के लिए सुरक्षित बनाया। युवाओं, महिलाओं और गरीब तबके में मोदी–नीतीश की जोड़ी की अपील स्पष्ट दिखी। गरीब कल्याण योजना, राशन उपलब्धता, आवास योजनाएँ, किसान सम्मान निधि, स्वास्थ्य योजनाएँ, शिक्षा और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार *—इन योजनाओं का लाभ बड़ी आबादी तक पहुँचा है। विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा, शराबबंदी, पंचायतों में महिलाओं की बढ़ी भागीदारी, स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रियता जैसे मुद्दों ने नीतीश को अब भी एक "साफ-सुथरी छवि वाले मुख्यमंत्री" के रूप में स्थापित कर रखा है।

**नीतीश कुमार की छवि—कितनी बदली, कितनी बरकरार?**

यह सच है कि दो बार पाला बदलने के बाद नीतीश कुमार की तुलना मायावती से भी की जाने लगी थी—जो सत्ता पाने के लिए किसी भी दल से हाथ मिला सकती थीं। लेकिन बिहार की जमीन पर नीतीश की छवि उतनी नहीं टूटी, जितनी राष्ट्रीय बहस में दिखाई देती है।

यह चुनाव बताता है कि—

**सत्ता परिवर्तन को लेकर जनता उतनी बेचैन नहीं थी**

नीतीश के शासन को विपक्ष का 'जंगलराज' का डराने वाला नैरेटिव अब भी मात देता है जातिगत समीकरणों में नीतीश का अनुभव बहुत गहरा है लोग भले ही नीतीश की राजनीति को अवसरवादी कहें, लेकिन प्रशासनिक कार्यशैली, कानून-व्यवस्था में सुधार और विकास की निरंतरता ने उनकी साख को बचाकर रखा। लालू–राबड़ी शासन की तुलना आज भी जनता के दिमाग में मौजूद है और वही अंतर नीतीश के पक्ष में जाता है।

**सीटों का बंटवारा—भारतीय राजनीति में सबसे कठिन संतुलन**

इस चुनाव से पहले राजग में सीटों का बंटवारा सबसे चुनौतीपूर्ण था। जदयू, भाजपा, लोजपा (राम विलास), 'हम' और 'रालोमा'—सभी दल अपनी-अपनी ताकत के आधार पर ज्यादा सीटें चाहते थे। नीतीश कुमार ने पहली बार बीते वर्षों की तुलना में खुद को "बड़े भाई" की भूमिका से हटाकर भाजपा के बराबर रखा। भाजपा के लिए भी जेडीयू को सिर्फ 101 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए मनाना आसान नहीं रहा होगा।

लोजपा (राम विलास) के चिराग पासवान की आक्रामक रणनीति ने और भी तनाव पैदा किया। जीतनराम मांझी की पार्टी 'हम' और उपेंद्र कुशवाहा की 'रालोमा' भी अतिरिक्त सीटों की मांग कर रही थीं। लेकिन अंततः— गठबंधन के व्यापक हित को तवज्जो देते हुए सभी दलों ने समझौता किया। यह चुनाव दिखाता है कि बिहार में राजनीतिक दल यदि कुर्सी के बजाय गठबंधन की मजबूती को प्राथमिकता दें, तो राजनीतिक स्थिरता हासिल की जा सकती है।

**विपक्ष की हार: रणनीति की कमी या नेतृत्व का अभाव?**

महागठबंधन की हार के पीछे कई बुनियादी कारण रहे—

नेतृत्व का अस्पष्ट विकल्प: तेजस्वी यादव ने युवा चेहरा के रूप में चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें नीतीश कुमार का स्पष्ट विकल्प मानने को अभी भी एक बड़ा वर्ग तैयार नहीं है। उनकी सभाओं में भीड़ दिखती है, लेकिन वह भीड़ वोट में कितनी बदलती है—यह अलग सवाल है। लालू यादव की पुरानी छवि और परिवारवाद की आलोचना अब भी महागठबंधन की कमजोरी है।

एग्जिट पोल का भ्रम: जैसे ही एग्जिट पोल्स ने महागठबंधन को स्पष्ट बढ़त दिखाई— विपक्ष आत्मविश्वास में डूब गया, कार्यकर्ता ढीले पड़ गए, समर्थकों में जीत की premature खुशी फैल गई, लेकिन वास्तविकता इससे बिल्कुल उलट निकली।

**जातीय समीकरण समझने में गलती**

तेजस्वी यादव ने Yadav-Muslim (MY) समीकरण पर ज्यादा भरोसा किया।

लेकिन इस बार: गैर-यादव पिछड़े वर्ग (EBC), महादलित, महिलाएँ, युवा बेरोजगार वर्ग, इन सबने अलग-अलग दिशा में मतदान किया। महागठबंधन इस विविध और वर्गीय वोट बैंक को जोड़ने में विफल रहा।

भाजपा का उदय—अब बिहार में बड़ा भाई? हालांकि सीटें बराबर थीं, लेकिन परिणामों की बारीकी से जांच करने पर पता चलता है: भाजपा की संगठनात्मक ताकत तेज़ी से बढ़ी है जातीय वोट बैंक का मजबूत ध्रुवीकरण भाजपा की ओर हुआ है शहरी और उप-शहरी इलाकों में भाजपा का वर्चस्व स्पष्ट हुआ है जेडीयू का जनाधार थोड़ा संकुचित हुआ है जबकि भाजपा का विस्तार अब भी जारी है। नीतीश कुमार की सरकार, भाजपा के रणनीतिक संरक्षण में चली—और इन चुनावों ने इस समीकरण को और मजबूत किया है।

**गलतियों से सबक—सभी के लिए**

एनडीए के लिए सबक: नीतीश कुमार की विश्वसनीयता अब भी ताकत है, लेकिन उम्र और थकान की चर्चा बढ़ रही है। भाजपा को गठबंधन धर्म निभाते हुए नेतृत्व परिवर्तन पर भविष्य में सावधानी रखनी होगी। चिराग पासवान की अलग राह ने यह साबित किया कि छोटे दलों की उपेक्षा गठबंधन को नुकसान पहुँचा सकती है। महागठबंधन के लिए सबक: सिर्फ एंटी-इन्कम्बेंसी पर चुनाव नहीं जीते जाते। ठोस विकास मॉडल और जमीनी नेतृत्व की कमी सबसे बड़ी कमजोरी है। तेजस्वी लोकप्रिय हैं, लेकिन प्रशासनिक अनुभव की कमी अभियान में खलती है। जाति राजनीति अब पहले जैसी निर्णायक ताकत नहीं रही। बिहार का यह जनादेश बताता है कि: मतदाता अब केवल जातीय समीकरणों के आधार पर मतदान नहीं करता। विकास, स्थिरता और विश्वसनीय नेतृत्व को प्राथमिकता दी जा रही है। बिहार बदल रहा है—और यह बदलाव शांत, परंतु निर्णायक है। यह जनादेश भाजपा के बढ़ते प्रभाव और नीतीश कुमार के अब भी विद्यमान भरोसे का मिश्रित परिणाम है।

---

## लोक-कला की जननी: जनजातीय समुदाय का सांस्कृतिक गौरव

### -लोक-कला का आधार: जनजातीय जीवन, प्रकृति और संस्कृति की अनोखी कहानी

आज जनजातीय गौरव दिवस है—एक ऐसा दिन जब हम देश की उन मूल समुदायों को याद करते हैं, जिन्होंने सभ्यता, संस्कृति और कलाओं की बुनियाद रखी। जनजातीय यानी वह समाज जो जल, जंगल, जमीन और जानवर—इन चार जीवनाधारों के इर्द-गिर्द पनपा। यह वे लोग हैं जो प्रकृति की गोद में, पर्वतीय इलाक़ों, घने जंगलों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच रहते आए हैं। इसलिए इन्हें 'आदिवासी' कहा गया—वह समुदाय जिसने मानव सभ्यता के प्रारंभिक स्वरूप को जिया, समझा, संवारा और पीढ़ियों तक सुरक्षित रखा। विश्व भर में आज भी सबसे अधिक जनजातीय आबादी अफ्रीकी देशों में मिलती है। इसके बाद भारत सबसे बड़ा केंद्र है, जहां विविध जनजातीय समुदाय अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और जीवनशैली के साथ जीवंत हैं। हमारे यहां संथाल, गौड़, भील, मीणा, गड्डी, नागा, खासी, मुंडा, बैगा, कोरकू और ढोबी जैसे अनेक समुदाय सदियों से अपनी परंपराओं को सँजोते हुए चल रहे हैं। झारखंड, नागालैंड, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, दादरा नगर हवेली, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप में इनकी आबादी आज भी 70-80 फ़ीसदी तक है। भारत की लोक-कला, शिल्प, संगीत, नाट्य, कथाएँ, चित्रकला—इन सबकी जड़ें इन्हीं समुदायों में हैं। जिस सांस्कृतिक विविधता पर हमें आज गर्व है, उसकी धड़कन जनजातीय समाज से ही आती है।

**प्रकृति के साथ सहजीवन: जनजातीय जीवन का मूल तत्त्व**

जनजातीय समुदाय के जीवन में प्रकृति केवल पर्यावरण का हिस्सा नहीं, बल्कि परिवार का सदस्य है। जंगल उनके लिए भोजन, दवा, आवास और आस्था—सब कुछ देता है। जल सिर्फ जीवन नहीं, बल्कि पवित्रता का स्रोत है। जानवर उनके सहचर और अक्सर उनके देवता तक होते हैं। कई समुदायों में वनदेव, नागदेव, सूर्यदेव, चंद्रदेव, नदी और पहाड़—ये सब जीवंत रूपों में पूजे जाते हैं। इस विशिष्ट जीवन-सम्बंध ने उनकी संस्कृति को गहराई दी। उनके गीत-नृत्यों में वर्षा, ऋतुओं, वृक्षों, पक्षियों और वन्यजीवों का बड़ा महत्व है। कई जनजातियों की कथाएं और मिथक पूरी तरह प्राकृतिक घटनाओं से जुड़े होते हैं। इस तरह भारतीय कला की आत्मा मूलतः जनजातीय प्रकृति-पूजन से ही उपजी।



**कला की शुरुआत कहाँ से हुई? एक दार्शनिक विवेचना**

कई बार कोई उक्ति चल पड़ती है और उसे ही सत्य मान लेने की परंपरा बन जाती है। उदाहरण के लिए जर्मन दार्शनिक हेगेल का प्रसिद्ध कथन: "वास्तुकला सभी कलाओं की मां है।" यह धारणा पश्चिमी चिंतन पर आधारित है, जहां कला की व्याख्या सभ्यता के विकास के क्रम से जुड़ी रही। परंतु भारतीय परिप्रेक्ष्य में यह बात उतनी सार्थक नहीं लगती। क्योंकि यह सवाल उठता है—वास्तुकला 'जननी' कैसे हो सकती है? 'वास्तु' शब्द संस्कृत के वस से बना है, जिसका अर्थ है—जहां बसा जाए, यानी आवास या घर। लेकिन आदिम मानव के घर तो थे ही नहीं! वे खुले आसमान के नीचे, पेड़ों की छाया में, गुफाओं के पास रहते थे। घर की स्थिर अवधारणा बाद में आई, जब मनुष्य ने स्थायी निवास की तरफ कदम बढ़ाए। तो फिर सबसे पहली कला कौन-सी थी? इसका जवाब मानव के सहज, स्वाभाविक भावों में मिलता है।

**कला की जननी: नृत्य**

कल्पना कीजिए—एक ऐसा मानव जो शिकार कर लौटा, पेट भर भोजन मिला, मन में उमंग आई। उत्साह बढ़ा तो शरीर अपने-आप थिरक उठा। यह नृत्य था—मानव की स्वाभाविक, अनायास अभिव्यक्ति। इस नृत्य की ताल से ही संगीत उत्पन्न हुआ। पैरों की धमक, ताली, कूद, फांद—इन सबने लय को जन्म दिया। फिर लय ने स्वर को जन्म दिया। और समय के साथ उपकरणों का आविष्कार हुआ—डमरू, मंजीरा, ढोल, नगाड़ा—जो आदिवासी समाज की देन हैं। इसीलिए कई चिंतकों के अनुसार नृत्य ही समस्त कलाओं की जननी है—क्योंकि मानव की पहली अभिव्यक्ति शरीर के माध्यम से हुई, किसी औज़ार या निर्माण के माध्यम से नहीं।

**चित्रकला की उत्पत्ति: गुफाओं की दीवारों पर उकेरे सपने**

जब मानव ने पहली बार गुफा की दीवारों पर अपने अनुभव उकेरे—शिकार, दौड़ते हुए हिरण, पेड़, सूर्य और चंद्र—तब चित्रकला की शुरुआत हुई। ये भित्तिचित्र दुनिया के सबसे पुराने कलात्मक प्रमाण हैं और लगभग सभी भारत की आदिम जनजातियों के जीवन से ही जुड़े हैं। भीमबेटका की गुफाओं में मिलने वाली चित्रकला इस बात का सबूत है कि हमारे आदिम समुदाय कला में कितने समृद्ध थे। ये चित्र न केवल कलात्मक भाव हैं, बल्कि वे समय के दस्तावेज़ भी हैं। इनमें जनजातीय समुदाय का जीवन, सामाजिक संरचना, प्राकृतिक संबंध, धार्मिक आस्थाएँ सब कुछ दर्ज है।

**लोक-कला: जनजातीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर**

भारत की लोक-कला का सबसे गहरा आधार जनजातीय समाज है। यह दृश्य और श्रव्य दोनों रूपों में अद्भुत है।

लोक-नृत्य, सांथाल नृत्य, गौड़ी नृत्य, गरबा, गवर, गवरी (मीणा-भील परंपराएँ), होजागिरी (त्रिपुरा), चेराव नृत्य (मिजोरम), धिमसा (आंध्र) इन नृत्यों में प्रकृति की लय, मौसमों के रंग, खेती, शिकार और त्योहारों का उल्लास देखने को मिलता है।

**संगीत और वाद्य**

ढोल, मांदल, डफली, नागाड़ा, चंग, तारपी ये सभी वाद्य यंत्र मूलतः जनजातीय समाज से ही उपजे। इनकी लय में जंगल की धड़कन सुनाई देती है।

**चित्रकला और भित्तिचित्र**

वारली (महाराष्ट्र)

सोहरा (ओडिशा) थौरा (गुजरात-मध्यप्रदेश के राठवा समुदाय) मांडना (राजस्थान) ये चित्रकला शैलियाँ आज अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुकी हैं।

**हस्तशिल्प और शिल्पकला**

बाँस, लकड़ी और मिट्टी से बने शिल्प, मोरपंखी आभूषण, जनजातीय आभूषणों की जटिल डिज़ाइन, वन उत्पादों से बने दैनिक उपयोग की चीजें

**भारत की जनजातियाँ: विविधता का अद्भुत संसार**

हमारे देश में जनजातियों की लगभग 700 उपजातियाँ हैं, जिनका अपना-अपना इतिहास, भाषा, बोली, आस्थाएँ और परंपराएँ हैं।

संथाल: झारखंड और बंगाल में विशाल जनसंख्या। धर्म, नृत्य और लोक-वाद्यों का अनूठा संगम।

भील: राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश में बसे। धनुष-बाण और गवरी परंपरा के लिए प्रसिद्ध।

मीणा: राजस्थान की सबसे पुरानी जनजाति, जो परंपरागत रूप से कृषि और पशुपालन पर आधारित।

मुंडा: झारखंड के वीर बिरसा मुंडा का समुदाय—विद्रोह और स्वाभिमान की मिसाल।

गौड़: मध्य भारत में फैले, कृषि प्रधान जीवन और लोकगाथाओं में समृद्ध। इन सभी समुदायों की कलात्मक अभिव्यक्तियां भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करती हैं।


## आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस: जानवरों के जज़्बात और भाषा को समझने की नई क्रांति

### -एआई तकनीक अब आवाज़, हरकतों और बायोलॉजिकल संकेतों का विश्लेषण करके इंसान और जानवरों के बीच संवाद का नया पुल बना रही है

हम सबने बचपन में टीवी पर रामायण देखी है। उसमें जब जटायु घायल अवस्था में भगवान राम को सीता हरण की पूरी कहानी सुनाता है तो कई लोगों को यह दृश्य काल्पनिक लगता था। कुछ लोगों को यह भी लगता था कि बंदर, भालू, पक्षी या जानवर कैसे इंसानों की भाषा समझ सकते हैं या उनसे बातचीत कर सकते हैं? लेकिन आज विज्ञान, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), उन कल्पनाओं को हक़ीक़त में बदलने की तरफ बढ़ रहा है। वक़्त तेज़ी से बदल रहा है। मशीनें अब सिर्फ इंसानों की भाषा ही नहीं समझ रहीं बल्कि धीरे-धीरे वे जानवरों की आवाज़ों, हरकतों, बॉडी लैंग्वेज और बिहेवियर को भी डिकोड करने की काबिलियत हासिल कर रही हैं। कुछ वैज्ञानिक तो यहाँ तक कह रहे हैं कि आने वाले 10–15 सालों में इंसान और जानवरों के बीच सीधी बातचीत संभव हो सकती है। हाल में चीन की टेक कंपनी बायडू ने एक ऐसा सिस्टम विकसित करने का दावा किया है, जो जानवरों के संकेतों को इंसानी भाषा में बदल सकता है। यह कदम एआई और बायो-सिग्नल साइंस के नए युग की शुरुआत माना जा रहा है। आइए समझते हैं कि एआई कैसे जानवरों की जुबान समझ पाएगा, इसमें कौन-सी टेक्नोलॉजी काम करती है और इसका भविष्य में हमारी दुनिया पर क्या असर पड़ेगा।

**जानवरों की भाषा समझना इतना मुश्किल क्यों है?**

इंसानों में तो सैकड़ों भाषाएँ हैं — हिन्दी, अंग्रेज़ी, उर्दू, तमिल, चीनी, अरबी... लेकिन जानवरों की "भाषा" इससे बिलकुल अलग होती है। उनके पास शब्द नहीं होते, वे वाक्य नहीं बनाते, उनकी अवाज़ छोटी, तेज़ और लगातार बदलती रहती है, हर जानवर की एक ही आवाज़ कई मतलब दे सकती है, वे ख़ुश, ग़ुस्सा, डर, दर्द, भूख, खतरा — इन सबको आवाज़ों, इशारों और हरकतों से जताते हैं, एक शेर का दहाड़ना हमेशा हमला करने का संकेत नहीं होता। कभी वह दूसरों को अपनी मौजूदगी बताता है, कभी अपने क्षेत्र की सीमा तय करता है। एक गाय का रंभाना कभी भूख का इशारा होता है तो कभी वह अपने बच्चे को बुलाती है। दूसरे शब्दों में — जानवरों की भाषा "सिंपल" नहीं बल्कि बेहद कॉम्प्लेक्स है। इसीलिए इसे समझना लंबा और कठिन शोध का विषय है।




**एआई कैसे जानवरों की आवाज़ को समझेगा?**

एआई सिस्टम आवाज़ को सीधे "हिन्दी-उर्दू" की तरह अनुवाद नहीं करता। वह तीन बड़े कदम उठाता है:

Voice Collection — आवाज़ों का विशाल डेटा इकट्ठा करना: दुनिया भर से जानवरों की आवाज़ें रिकॉर्ड की जाती हैं। शेर, हाथी, कुत्ता, व्हेल, डॉल्फिन, पक्षी — हर एक आवाज़ को अलग-अलग मौकों पर रिकॉर्ड किया जाता है: भूख में, डर में, बच्चे को बुलाते समय, साथी को बुलाते समय, दर्द में, लड़ाई के समय, यह डेटा बाद में मशीन में फीड किया जाता है।

AI Pattern Recognition — पैटर्न ढूँढना: एआई यह समझने की कोशिश करता है कि कौन-सी आवाज़ किस हालत में दी गई।

उदाहरण: अगर 100 बार बाघ ने एक खास तरह की दहाड़ उसी वक्त की हो जब उसे भूख लगी थी, तो AI उस आवाज़ को "भूख" का पैटर्न मान लेता है। अगर कोई पक्षी खतरा देखकर एक खास तरह की चीख़ निकालता है, और AI ने वह चीख़ कई बार नोट की हो — तो वह "खतरे का सिग्नल" घोषित कर देता है।

Translation — इंसानी भाषा में अर्थ निकालना: अब जब पैटर्न बन जाता है, AI आवाज़ को अर्थ में बदलता है: "मैं भूखा हूँ" "मुझे दर्द है" "यह इलाका मेरा है" "मुझे खतरा महसूस हो रहा है" "मेरे बच्चे को कुछ हुआ है" यही है जानवरों की भाषा को इंसानी भाषा में अनुवाद करने की प्रक्रिया।

**बायडू का पेटेंट — दुनिया का सबसे एडवांस सिस्टम**

चीन की सर्च इंजन कंपनी बायडू ने हाल ही में एक अत्याधुनिक एआई सिस्टम का पेटेंट दर्ज कराया है। इस सिस्टम की खासियत यह है: यह सिर्फ आवाज़ ही नहीं सुनेगा: शरीर की हरकत, पूँछ की मुद्रा, कानों का झुकाव, आँखों की दिशा, चलने की रफ्तार, शरीर का तापमान, दिल की धड़कन, इन संकेतों को भी यह शामिल करेगा। कई टेक्नोलॉजी साथ काम करेंगी: Computer Vision, Bio-signal Analysis, Neural Networks, NLP (Natural Language Processing) Robotics, यानी एआई अब सिर्फ आवाज़ें ही नहीं पढ़ेगा, बल्कि जानवरों के पूरे "बिहेवियर पैटर्न" को समझेगा।

भावनात्मक कनेक्शन बनाने की कोशिश: बायडू का कहना है कि यह सिस्टम मनुष्य और जानवरों के बीच "इमोशनल बॉन्डिंग" भी बढ़ाएगा। यानी मालिक और पालतू जानवर के रिश्ते को बेहतर बनाएगा। चिड़ियाघरों में जानवरों की केयर बेहतर होगी। फार्म में पशुओं की हेल्थ अधिक सुरक्षित रहेगी।

**जानवरों से बात करना विज्ञान कथा नहीं रहा**

टीवी पर हम माशा एंड द बियर या छोटा भीम में देखते हैं कि जानवर इंसानों से बात कर लेते हैं। कभी यह सिर्फ कल्पना थी, लेकिन एआई के साथ अब यह कल्पना हक़ीक़त की तरफ बढ़ रही है।

सोचिए: किसी चिड़ियाघर में शेर गरजे और मोबाइल ऐप बता दे — "मुझे खाना पसंद नहीं आया।" डॉल्फ़िन सीटी बजाए और एआई बताए — "मैंने पानी में एक बेहोश इंसान देखा है।" गाय मोबाइल ऐप से कहे — "मुझे पेट में दर्द है, डॉक्टर बुलाओ।" हाथी सूँड़ हिलाकर कहे — "जंगल में आग लगी है, सबको खतरा है।" यह भविष्य असंभव नहीं है। बहुत सा विज्ञान पहले भी कल्पना से निकलकर हक़ीक़त बना है — उड़ने वाली मशीनें, मोबाइल फ़ोन, इंटरनेट, रोबोट, सेल्फ-ड्राइविंग कारें, इसी तरह जानवरों की भाषा समझना भी जल्द संभव होगा।

**यह तकनीक कहाँ-कहाँ इस्तेमाल हो सकती है?**

पशु चिकित्सा (Veterinary Care) एआई बताएगा कि जानवर को किस तरह की तक़लीफ़ है —दर्द, बुख़ार, सांस की समस्या, डर, स्ट्रेस, यह सब पहले बताए बिना डॉक्टर को समझ में आ जाएगा।

कृषि और डेयरी फार्मिंग: गाय, भैंस, ऊँट, बकरी... ये कब भूखी हैं, कब बीमार हैं, कब दूध घटने वाला है — सब तुरंत पता चल जाएगा।

चिड़ियाघर प्रबंधन: शेर, बाघ, भालू, गोरिल्ला की मानसिक स्थिति समझी जा सकेगी — क्या वे खुश हैं? परेशान हैं? अकेलेपन में हैं? बेहतर होगी।

# कैबिनेट सचिव ने ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस के तहत “कंप्लायंस रिडक्शन एवं डीरेगुलेशन” में राजस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ की सराहना की

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। कैबिनेट सचिव डॉ. टी. वी. सोमनाथन ने शुक्रवार को देशभर के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से “कंप्लायंस रिडक्शन एवं डीरेगुलेशन” एजेंडा के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस के अंतर्गत ‘कंप्लायंस रिडक्शन एवं डीरेगुलेशन’ के लिए राज्य की मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने प्रक्रियाओं को सुगम बनाने और राज्य में समग्र विनियामक पर्यावरण में सुधार के लिए उठाए गए प्रमुख कदमों को साझा किया। कैबिनेट सचिव ने कार्यक्रम में तेज़ी से उपलब्धि प्राप्त करने के लिए राजस्थान की सराहना की। उन्होंने राज्य की उत्कृष्ट प्रदर्शन क्षमता और नियामक ढांचों के सरलीकरण, युक्तीकरण और आधुनिकीकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की प्रशंसा की, जो बिजनेस फ्रेंडली वातावरण बनाने में सहायक है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान ने ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस इकोसिस्टम को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए कई



परिवर्तनकारी सुधार लागू किए हैं। एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए राज्य ने नियम 90ए में संशोधन कर चेंज ऑफ़ लैंड यूज प्रक्रिया को सरल बनाया है, जिसके तहत समय सीमा 60 से घटाकर 30 कार्य दिवस कर दी गई है। इस समय सीमा के बाद स्वतः स्वीक ति का प्रावधान किया गया है। इससे परियोजनाओं में होने वाली देरी में कमी आएगी और नए उद्यमों की स्थापना तेजी से होगी। प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में भी राजस्थान ने उल्लेखनीय प्रगति की है। एमएसएमई के लिए कंसेट टू एस्टैब्लिश और कंसेट टू ऑपरेट हेतु थर्ड पार्टी सर्टिफिकेशन की समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 21 दिन और रेड / वृहद् श्रेणी के उद्यमों के लिए 60 दिन कर दी गई है। इसके अतिरिक्त प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सेल्फ सर्टिफिकेशन के आधार पर सभी श्रेणियों में सीटीओ का सिस्टम-जनरेटेड ऑटो रिन्यूवल शुरू किया है। साथ ही, वाटर एण्ड एयर पॉल्यूशन रूल्स में संशोधन के माध्यम से व्हाइट कैटेगरी उद्योगों की सूची को 104 से बढ़ाकर 877 कर दिया गया है, जिससे अधिक गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को नियामकीय आवश्यकता से छूट मिलेगी। इससे परियोजना अनुमोदनों में तेजी और औद्योगिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। एक और महत्वपूर्ण सुधार में ‘राजस्थान शॉप्स एण्ड कमर्शियल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट, 1958’ के अंतर्गत कर्मचारियों की सीमा शून्य से बढ़ाकर 10 कर दी गई है, जिससे सूक्ष्म उद्यमों पर अनुपालन बोझ कम हुआ है। राज्य ने थर्ड पार्टी फायर इंस्पेक्टर्स को भी लागू किया है और फायर एनओसी की वैधता अवधि बढ़ाई है, जिससे फायर सुरक्षा कंप्लांयस को सुगम बनाया गया है। ग्रामीण उद्योगों के लिए न्यूनतम सड़क चौड़ाई आवश्यकताओं के युक्तिकरण में राजस्थान अग्रणी राज्यों में शामिल है। लेआउट प्लान वाले क्षेत्रों में सड़क चौड़ाई 9 मीटर और बिना लेआउट वाले क्षेत्रों में 4.5 मीटर निर्धारित की गई है। राज्य ने औद्योगिक एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों में भूमि उपयोग को अनुकूलित करने हेतु भी महत्वपूर्ण सुधार लागू किए हैं। नगरीय विकास विभाग एवं रीको ने भवन मानकों में संशोधन कर भूमि के सदुपयोग को सुनिश्चित किया है और पार्किंग मानकों का भी युक्तीकरण किया गया है। पूर्व में वाणिज्यिक भूखण्डों पर 50 प्रतिशत ग्राउंड कवरेज की सीमा को अब समाप्त कर दिया गया है, जिससे नगरीय योजना में अधिक लचीलापन सुनिश्चित हुआ है।

# संसदीय कार्य मंत्री ने ‘आपकी पूँजी, आपका अधिकार’ अभियान के जिला स्तरीय शिविर का किया विधिवत शुभारंभ

## -बैंकिंग क्षेत्र में हुए आमूलचूल परिवर्तनों से बैंकिंग सेवाओं की सार्वभौमिक पहुंच हुई सुनिश्चित- पटेल
## -जोधपुर जिले में 3 लाख अनक्लेम्ड खातों में 115 करोड़ रुपये जमा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेमड एसेट्स के सुगम एवं त्वरित निपटान के लिए ‘आपकी पूँजी, आपका अधिकार’ अभियान के तहत जोधपुर जिले के जिला स्तरीय शिविर का विधिवत शुभारंभ काजरी ऑडिटोरियम में संसदीय कार्य विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने किया। पटेल ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 4 अक्टूबर को गांधीनगर से किया गया। उन्होंने कहा इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को उनकी दावा न की गई जमा राशि, बीमा आय, डिविडेंड, शेयर, म्यूचुअल फंड बैलेंस और पेंशन देनदारियों का पता लगाने और उन पर दावा करने के लिए सक्षम बनाना है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रत्येक नागरिक तक बैंकिंग सेवाओं की सार्वभौमिक पहुंच




सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री जन-धन योजना का शुभारम्भ किया। जिसके परिणामस्वरूप आज गांव और गरीब तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हुई है।

**आम आदमी को मिल रही सुगम बीमा सेवाएं-**

पटेल ने कहा आम आदमी तक सुगम बीमा सेवाओं के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी और अन्य लाभ हस्तांतरण से भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने का असंभव कार्य किया गया है।

**वित्तीय क्षेत्र में सुधारों और नवाचारों से आमजन में बैंकिंग प्रणाली पर विश्वास बढ़ा-**

पटेल ने कहा आज हम छोटी दुकान से लेकर बड़े मॉल में यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर सामान खरीद सकते है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले किसी ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि आने वाले समय में ऐसा भी होगा। उन्होंने कहा वित्तीय क्षेत्र में सुधारों और नवाचारों से आमजन में बैंकिंग प्रणाली पर विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा अभियान में जोधपुर जिले के सभी प्रमुख बैंक, बीमा कंपनियां, पेंशन संस्थान, प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड और अन्य वित्तीय संस्थान अपने ग्राहकों तक पहुंच सुनिश्चित कर उनका पैसा उन्हें वापस दिलाएंगे।

**शिविर के विभिन्न स्टॉल्स का किया अवलोकन-**

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि जोधपुर जिले में 3 लाख अनक्लेम्ड खातों में 115 करोड़ रुपए की राशि जमा है। उन्होंने शिविर में स्टॉल्स का अवलोकन किया और कहा विशेष सहायता काउंटर पर नागरिकों को केवाईसी अपडेट, दावा प्रपत्र भरने, दस्तावेजों के सत्यापन और सबमिशन की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि ग्राहकों कों सुरक्षित निवेश के तरीकों और धोखाधड़ी से बचाव पर भी विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। जिससे वे अपने अधिकारों और दायित्वों के प्रति जागरूक होंगे।

# जिला कलक्टर के निर्देशन में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## -235 से अधिक गैस सिलेंडर, इलेक्ट्रिक कांटा जब्त

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण की अगुवाई में मानसरोवर क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग के बड़े मामले का खुलासा किया गया। गोपनीय सूचना प्राप्त होते ही जिला रसद अधिकारी केसर चौराहे के पास मौके पर पहुंचे तथा प्रवर्तन जांच दल और थाना मुहाना पुलिस टीम को बुलाकर संयुक्त कार्रवाई करवाई। कार्रवाई के दौरान एक पुराने घर और उसके आगे खुले क्षेत्र में भारी मात्रा में 235 से अधिक घरेलू एवं कॉमर्शियल गैस सिलेंडर, अवैध रिफिलिंग में प्रयुक्त इलेक्ट्रिक मोटर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा तथा अन्य उपकरण बरामद



किए गए। इतनी बड़ी संख्या में सिलेंडर और रिफिलिंग उपकरण मिलने से क्षेत्र में किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका व्यक्त की गई। जांच में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण, दुरुपयोग एवं गैरकानूनी बिक्री पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध द्रवित पेट्रोलियम गैस (रेग्यूलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन) आदेश, 2000 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करवाने के निर्देश दिए गए। जिला रसद विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी अवैध गैस रिफिलिंग पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में ’स्किलस्केप -2025’ का हुआ शानदार आगाज

## -छात्राओं द्वारा निर्मित विविध कलाकृतियों, डिज़ाइन्स एवं शैक्षणिक मॉडल्स का हुआ प्रदर्शन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। गांधीनगर स्थित राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में शुक्रवार को तीन दिवसीय छात्रा कला प्रदर्शनी स्किलस्केप -2025 का शुभारंभ हुआ। अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, कुलदीप रांका एवं विभाग के निदेशक राजेश कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। महाविद्यालय मं‍ अध्ययनरत विभिन्न विभागों की छात्राओं ने वर्षपर्यंत तैयार कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। ड्रेस डिजाइन विभाग की छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के वस्त्र परिधान, कम्प्यूटर एवं मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट विभाग की छात्राओं ने तकनीक के विभिन्न मॉडल्स, टैक्सटाइल विभाग ने विभिन्न प्रकार के फैब्रिक डिजाइन तथा ब्यूटी कल्चर विभाग ने सौन्दर्य बोध को दर्शाते हुए विभिन्न प्रकार के मेकअप, हेयरस्टाइल का प्रदर्शन किया। कॉमर्शियल



आर्ट विभाग की छात्राओं ने विज्ञापन जगत में प्रयुक्त ग्राफिक डिजाइन, फोटोग्राफी इलस्ट्रेशन एवं टाइपोग्राफी के रचनात्मक कार्यों का प्रदर्शन किया। साथ ही महाविद्यालय में चार वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम की छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने डिजाइन्स को शो-केस किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलदीप रांका ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं छात्राओं द्वारा प्रदर्शित डिजाइन्स की सराहना कर उनके मनोबल को बढ़ाया। उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उनके द्वारा महाविद्यालय के कैटलॉग का भी विमोचन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि 15 नवम्बर को छात्राओं द्वारा फैशन शो एवं अपनी कलात्मकता के प्रदर्शन के साथ महाविद्यालय से उत्तीर्ण पूर्व छात्राओं की एलुमनी मीट तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# अन्ता उपचुनाव में कांग्रेस की बड़ी जीत

## -डोटासरा बोले—जनता ने भाजपा के ‘कुशासन’ को नकारा



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। अन्ता विधानसभा क्षेत्र में सम्पन्न हुए उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के भारी मतों से विजयी होने पर क्षेत्र की जनता को धन्यवाद एवं बधाई देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि अन्ता विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में जीत के लिए कांग्रेस पार्टी के समस्त नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अथक प्रयास किया था और केन्द्र व राज्य में भाजपा सरकारों के कुशासन को आमजन के बीच उजागर करने का कार्य किया जिस कारण अन्ता के मतदाताओं ने भाजपा के कुशासन के विरूद्ध और कांग्रेस की विचारधारा एवं नीतियों के समर्थन में मतदान कर कांग्रेस पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाया है। डोटासरा ने कहा कि अन्ता विधानसभा क्षेत्र का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण था जो कि आगामी 2028 में होने वाले आमचुनावों का प्रतिबिम्ब है क्योंकि अन्ता के मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी की पर्ची सरकार के कुशासन को नकार दिया है और कांग्रेस सरकार के शासन में जो जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाएं लागू हुई थी जिससे आम आदमी लाभान्वित हुआ था, का समर्थन किया है। भारतीय जनता पार्टी ने जनभावनाओं के विपरीत केन्द्र से पर्ची भेज कर प्रदेश में शासन चलाने का कार्य किया है जिस कारण पूरे प्रदेश का विकास एवं जनकल्याण ठप्प हो गया है। जिस प्रकार गुजरात मॉडल अपनाकर प्रदेशभर में गुजरात से आए हुए लोग भ्रष्टाचार कर औने-पौने दामों पर सरकारी ठेके ले रहे हैं और व्यापार कर रहे है। भाजपा से जुड़े हुए लोगों का इसमें कमीशन व भागीदारी है इस मॉडल को अन्ता की जनता ने समझकर भाजपा के भ्रष्टाचार एवं कुशासन को नकारते हुए कांग्रेस की नीतियों के समर्थन में मोहर लगायी है। भाजपा के नेता झूठे बोलते हैं प्रदेशवासियों को बरगलाते हैं और भ्रमित करते हैं लेकिन जनता की सेवा नहीं करते है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते कांग्रेस के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए योगदान के लिए आभार प्रकट किया और अन्ता विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का धन्यवाद देते हुए प्रदेशवासियों को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी आमजन की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हुए सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता प्रदेशवासियों के दुख और तकलीफों में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का पूरा मंत्रिमण्डल, पूर्व मुख्यमंत्री एवं मुख्यमंत्री अन्ता विधानसभा क्षेत्र में अपने प्रत्याशी को जिताने में लगे हुए थे, सरकारी मशीनरी एवं धन-बल का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग किया गया लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बहुत ही धैर्यपूर्वक क्षेत्र में कांग्रेस के प्रचार पर ध्यान केन्द्रित रखा जिस कारण भारी अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है तथा प्रदेश की जनता कांग्रेस की नीतियों एवं विजन पर विश्वास कर रही है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के मधुमक्खी पालकों का हुआ आर्थिक सशक्तीकरण

## -देश के कुल शहद उत्पादन में 9 प्रतिशत योगदान के साथ राजस्थान शीर्ष पांच राज्यों में हुआ शामिल
## -टोंक एवं भरतपुर में उत्कृष्टता केन्द्रों से मधुमक्खी पालकों को मिलेगा प्रोत्साहन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही, अन्नदाता भी कृषि एवं उससे जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर प्रदेश को नई ऊचाईयों की तरफ ले जा रहे हैं। राज्य सरकार की जनोन्मुखी नीतियों से किसानों का ना केवल कृषि अपितु पशुपालन, उद्यानिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सशक्तीकरण हो रहा है। परिणामस्वरूप राजस्थान भारत के कुल शहद उत्पादन में 9 प्रतिशत के योगदान के साथ अब उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बिहार के साथ देश के पांच सबसे बड़े शहद उत्पादक राज्यों में शामिल हो गया है। मधुमक्खी पालन अब कृषकों के लिए आय का बड़ा स्रोत बन गया है। किसान खेती के साथ शहद उत्पादन कर अपनी आय को दोगुना कर पा रहे हैं। वर्तमान में राज्य में लगभग 3 हजार 350 मधुमक्खी पालकों द्वारा 2 लाख 76 हजार मधुमक्खी कॉलोनियां हैं। जिनसे लगभग 8 हजार 200 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन किया जा रहा है। राज्य में अलवर, भरतपुर और हनुमानगढ़ शहद उत्पादन में अग्रणी जिले हैं।

**किसानों की लागत हो रही कम, बढ़ रही आय-**

मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है कि प्रदेश का किसान आर्थिक रूप से मजबूत बने। इस क्रम में राज्य सरकार द्वारा किसानों को विभिन्न तरह की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जा रही हैं। राज्य सरकार द्वारा मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2025-26 में 50 हजार मधुमक्खी कॉलोनियां एवं 50 हजार मधुमक्खी बॉक्स वितरित किये जा रहे हैं। इन पर कृषकों तथा मधुमक्खी पालकों को 40 प्रतिशत की दर से कुल 8 करोड़ रुपये का अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। इससे किसानों की लागत कम हो रही है तथा उनकी आय भी बढ़ रही है। साथ ही, प्रदेश के किसान शहद की ब्रांडिंग और मार्केटिंग कर सफल उद्यमी भी साबित हो रहे हैं।

**मधुमक्खी पालकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण-**

राज्य सरकार की मंशा है कि मधुमक्खी पालन के लिए किसानों को वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षण मिले। जिससे बड़ी संख्या में मधुमक्खी पालक लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही, सरकार द्वारा एक हजार मधुमक्खी पालकों को 2 करोड़ रुपये की लागत से मधुमक्खी पालन किट वितरित की जाएगी। इन एक हजार मधुमक्खी पालकों को मधुमक्खी कॉलोनियों के माईग्रेशन पर 9 हजार रुपये प्रति मधुमक्खी पालक की दर से सहायता भी दी जाएगी। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 10-10 करोड़ रुपये की लागत से भरतपुर एवं टोंक जिलों में मधुमक्खी पालन के उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं।

# जोन-13 में दस बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में निजी खातेदारी की करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर फार्म हाउस योजना हेतु बनाई जा रही नवीन अवैध कॉलोनियों का पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस, राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित दिल्ली रोड़, ग्राम सिंघवाना, जेडीए की फार्म हाउस योजना के पास, जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर फार्म हाउस योजना हेतु बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देषन में आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से प्रारिम्भक स्तर पर ही ध्वस्त किया



जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 325 आज तक कुल 708 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनियॉ बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

# सैय्यद जलाल शाह बाबा व मेहंदी शाह बाबा का 3 दिवसीय वार्षिक उर्स 19 से

मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर शहर के सिंधी कैंप बस स्टैंड के पास में स्थित हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत सैय्यद जलाल शाह बाबा रहमतुल्लाह आलेह व हजरत मेहंदी शाह बाबा रहमतुल्लाह आलेह का तीन दिवसीय वार्षिक 19 नवंबर बुद्धवार से शुरू होगा जो की 21 नवम्बर शुक्रवार को कूल की रस्म के साथ में विधिवत संपन्न होगा। दरगाह के गदी नशीन मोहम्मद साबिर अली ने बताया की 19 नवंबर बुद्धवार को दरगाह को रंग बिरंगी विद्त लाइटो से सजाया जाएगा और तकरीर का प्रोग्राम किया जाएगा जिसमें खुदा के हुकुम व मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही जाएगी। 20 नवम्बर गुरुवार को मगरिब की नमाज के बाद में चद्दर पेश की जाएगी व ईशा की नमाज के बाद में राजस्थान की



मशहूर कव्वाल पार्टियों के द्वारा बाबा की मान मनुहार की जाएगी। इसी प्रकार 21 नवम्बर शुक्रवार की सुबह 10 बजे फातिहा लगाकर लंगर वितरण किया जाएगा इसमे अकीदतमंद बड़े ही अदब से लंगर प्रसादी लेंगे असर की नमाज के बाद में कुल की रस्म होगी इसी के साथ में उर्स का समापन होगा इसके बाद में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

# नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शहर की सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शुक्रवार को शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। आयुक्त ने सिविल लाईन्स जोन एवं झोटवाड़ा जोन की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। आयुक्त ने अंबेडकर सर्किल से अपना दौरा शुरू किया सोड़ाला, निर्माण नगर, 200 फीट बाईपास, बाईस गोदाम, चंबल पॉवर हाउस, सिविल लाईन्स के मुख्य मार्गो सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित जोन उपायुक्त, उपायुक्त (स्वास्थ्य), संबंधित अधिशाषी अभियन्ता, सीएसआई, एसआई मौजूद रहे। आयुक्त ने इस दौरान



स्वयं खड़े होकर मुख्य मार्गो की सफाई करवाई। मुख्य मार्गो पर आयुक्त को निरीक्षण के दौरान गंदगी मिली जिसपर उन्होंने संबंधित सीएसआई, एसआई को फटकार लगाते हुये नोटिस देने के निर्देश दिये। इसके साथ ही आयुक्त ने अस्थाई अतिक्रमण पर भी नाराजगी जाहिर की मौके से अस्थाई अतिक्रमण हटवाकर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। आयुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को लालकोठी सब्जी मण्डी पर अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | | **पानी के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/ 108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# यूसुफ नूर मोहम्मद गर्ल्स स्कूल चूरू में बाल दिवस पर कंप्यूटर लैब का भव्य शुभारम्भ, छात्राओं में उत्साह

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर बाल दिवस के अवसर पर यूसुफ नूर मोहम्मद गर्ल्स स्कूल, चूरू में आधुनिक तकनीक से सुसज्जित कंप्यूटर लैब का भव्य शुभारम्भ किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में छात्राएँ, अभिभावक एवं समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद रफीक कुरैशी पुत्र अकबर हुसैन कुरैशी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मुमताज अली कुरैशी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भामाशाह रमजान कुरैशी हाजीवाला शामिल हुए। सभी अतिथिगणों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नई कंप्यूटर लैब का लोकार्पण किया।समारोह की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा कुरान पाक की आयतों के तिलावत से हुई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक और सुसंस्कृत बन गया। उसके बाद मुख्य अतिथि डॉ. मुमताज अली कुरैशी का स्वागत अध्यक्ष हाजी मुस्ताक कुरैशी ने माला पहनाकर किया। वहीं विशिष्ट अतिथि रमजान कुरैशी हाजीवाला का स्वागत मोहम्मद रफीक कुरैश ने सम्मानपूर्वक माला पहनाकर किया। इसी क्रम में अब्दुल गफ्फार टाईवाला का स्वागत उपाध्यक्ष हाजी याकूब थीम ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. मुमताज अली कुरैशी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर का ज्ञान प्रत्येक छात्रा को नए अवसरों, रोजगार संभावनाओं और तकनीकी दक्षता की दिशा में आगे बढ़ाता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में ऐसी अत्याधुनिक सुविधाओं का निर्माण होना एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम है।उपाध्यक्ष हाजी याकूब थीम ने जानकारी देते हुए कहा कि नई कंप्यूटर लैब में आधुनिक कंप्यूटर सिस्टम, हाई-स्पीड इंटरनेट और आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाई गई है, जिससे छात्राएँ तकनीक के क्षेत्र में मजबूत आधार बना सकेंगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों से भी जोड़ना है।कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापिका फरीदा कुरैशी और अध्यापिका शाहिना बानो ने संयोजित एवं प्रभावशाली ढंग से किया। समापन राष्ट्रगान और मौलाना ईमरान साहब की दुवा के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय और छात्राओं की प्रगति की कामना की गई। इस अवसर पर सचिव आवेश कुरैशी, उपसचिव आबिद बेहलीम एडवोकेट, कोषाध्यक्ष आदिल कुरैशी, कोषाध्यक्ष अलाउद्दीन कुरैशी, हाजी जाफर कुरैशी, हाजी शरीफ बांगी, मुफ्ती सफीक थीम, हाफिज अब्दुल सतार, मुस्तफा कुरैशी, मुफ्ती इरशाद सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्साह, उमंग और बाल दिवस की खुशियों का वातावरण छाया रहा।

# किशनगंज में रविवार को निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर



बारां (रॉयल पत्रिका)। बारां जिले के किशनगंज कस्बे में रविवार 16 नवम्बर 2025 को एक निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में स्व. ओमप्रकाश व्यास मानव सेवार्थ समिति, बारां तथा चारभुजानाथ सेवा समिति, किशनगंज सहयोगी संगठन के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। समिति की ओर से अंशुल व्यास तथा रामनिवास सुमन ने बताया कि शिविर में विभिन्न गंभीर एवं सामान्य बीमारियों के परामर्श हेतु प्रख्यात चिकित्सकों का दल सेवाएं प्रदान करेगा। इनमें डॉ. राजाराम मीणा, प्रसिद्ध जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, डॉ. शुभांशु जैन, हड्डी एवं जोड़ रोग, प्रत्यारोपण व स्पाइन सर्जन, डॉ. समरा मसूद, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. रोहिन मीणा, चर्म, कुष्ठ एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ, डॉ. नितेश मीणा, नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. रविन्द्र गर्ग, फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ शामिल होकर अपनी सेवाएं देंगे। शिविर किशनगंज बस स्टैंड के पास स्थित सहकारी समिति परिसर में आयोजित होगा। आयोजन का समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर में मरीजों को सभी चिकित्सकीय परामर्श निःशुल्क उपलब्ध होगा। साथ ही ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच भी पूरी तरह निःशुल्क की जाएगी, जिससे आमजन को स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधाएं सहजता से मिल सकें। चारभुजानाथ सेवा समिति, किशनगंज की ओर से शिविर को सफल बनाने के लिए तैयारी कार्य जोर-शोर से जारी है। समितियों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# हिन्दू जागरण मंच के ब्लॉक अध्यक्ष व वार्ड अध्यक्षों की खुराना ने ली बैठक



बारां (रॉयल पत्रिका)। हिन्द जागरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश खुराना ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में ब्लॉक अध्यक्ष व वार्ड अध्यक्षों की मिटिंग बुलाई। जिसमें खुराना ने आए ब्लॉक अध्यक्षों व वार्ड अध्यक्षों का अंता-मांगरोल के उपचुनाव में जिस तरीके से सही चयन करवाकर सही उम्मीदवार को जिताया। जिस पर आभार जताया। इस अवसर पर खुराना ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों का शोषण ही किया है। कभी केवाईसी के नाम पर तो कभी 100 यूनिट लाइट के नाम पर। खुराना ने यह भी कहा कि पंजाब में 300 यूनिट बिजली माफ है और महिलाओं के लिए बस का किराया फ्री है। उनको एक-एक हजार रूपए महीना भी दिया जाता है। रसद विभाग की ओर से पंजाब में हर व्यक्ति को 35 किलो गेहूं दिया जाता है, जबकि राजस्थान के अंदर हर व्यक्ति को 5 किलो गेहूं दिया जाता है। हमारी राजस्थान की सरकार कुंभकरण की नींद में सौ रही है। आज अंता मांगरोल के लोगों ने जो निर्णय लिया वह सराहनीय है। इससे यह तय होता है कि 2028 में आने वाले समय में भाजपा के विधायकों की जमानते भी जब्त हो जाएगी। खुराना ने कहा कि गौरतलब की बात है कि बारां में जहां पर विधायक स्वयं रहते हैं उनके आगे ओवर ब्रिज का काम अभी तक अधूरा पडा है। ओवर ब्रिज के लिए कई बार बजट पास हो चुका। इसके बावजूद भी कार्य में तेजी नहीं आई। कभी-कभार कछुआ चाल से काम शुरू होता फिर बंद हो जाता है। इस अवसर पर अक्षय नरवाल, अशोक महावर, आकाश वाल्मिकी, रामकरण बैरवा, रामावतार बैरवा, कमल मीणा, सागर वर्मा, विजय वर्मा, दिलीप मेघवाल व अन्य सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बाडेट ग्राम पंचायत में सुनी जनसमस्याएं

## -मतदाता सूची पुनरीक्षण की दी जानकारी



झुंझुनूं (रॉयल पत्रिका)। झुंझुनूं जिले के अलसीसर ब्लॉक में स्थित बाडेट ग्राम पंचायत में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल आयोजित हुई। चौपाल में ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, बिजली, आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा राजस्व से संबंधित विभिन्न समस्याओं को रखा, जिन पर कलेक्टर ने मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. गर्ग ने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं और पात्र व्यक्ति नए मतदाता के रूप में पंजीकरण करवाएं, त्रुटियों का संशोधन कराएं तथा जिन मतदाताओं का नाम छूट गया है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सभी परिवार अपने-अपने दस्तावेज पूरे रखें और पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग दें, ताकि आगामी चुनावों के लिए जिले की मतदाता सूची पूर्ण एवं त्रुटिरहित तैयार हो सके। रात्रि चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं, शिकायत निवारण और आवश्यक सुविधाओं से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई।

# बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में गीतांजली हॉस्पिटल की डॉ. सविता चौधरी के दो महत्वपूर्ण व्याख्यान




उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुर की डॉ. सविता चौधरी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष – इमरजेंसी मेडिसिन, ने हाल ही में बेंगलुरु स्थित रामैया मेडिकल कॉलेज में आयोजित ट्रॉमा एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर के वार्षिक सम्मेलन में दो महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किए। यह सम्मेलन का विषय था— "Collaborative Multidisciplinary Approach to Trauma Care and Beyond" जिसमें देशभर से विशेषज्ञों ने ट्रॉमा मैनेजमेंट के आधुनिक तरीकों और अनुभवों को साझा किया। डॉ. सविता चौधरी ने सम्मेलन में दो प्रमुख विषयों पर व्याख्यान दिए: छाती की चोटें एवं आपातकालीन हस्तक्षेप (Chest Injury & Emergency Intervention) गर्भवती महिलाओं में ट्रॉमा प्रबंधन (Obstetrics Trauma) उनके व्याख्यानों ने ट्रॉमा के जटिल मामलों में बहु-विषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता और सही प्रोटोकॉल के महत्व को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। सम्मेलन में उनकी विशेषज्ञता की सराहना की गई।

# जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिजिटलीकरण विषय पर संगोष्ठी का अयोजन




पाली (रॉयल पत्रिका)। दी पाली सैन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि पाली में 72 वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह अन्तर्गत शुक्रवार को परिचालन दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिजिटलीकरण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम सेवा सहकारी समिति के पदाधिकारी एवं विभिन्न सहकारी गणमान्यों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी। प्रबन्ध निदेशक प्रशान्त कल्ला ने बताया कि सहकारिता में डिजिटलाईजेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि सहकार से समृद्धि अन्तर्गत बैंक से संबंधित ग्राम सेवा सहकारी समितियों में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन अन्तर्गत पारदर्शिता को बढ़ावा देते हुए ग्राम सेवा सहकारी समितियों के सदस्यओं के लिए विभिन्न नवाचार स्थापित किये जा रहे हैं ताकि विभिन्न योजनाओं की अधिकाधिक उपयोगिता ग्रामीण क्षेत्रों में प्राप्त हो सके तथा कोई भी पैक्स का सदस्य अपने द्वारा किये गये वित्तीय लेखे-जोखो को ऑनलाईन पोर्टल पर देख सके एवं अपने खाते के संबंध में राजग तथा सतर्क रह सके। बैंक के पैक्स कम्प्यूटराईजेशन नोडल अधिकारी पुनीत ने बताया कि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजना के प्रथम चरण में चयनित 154 पैक्स में से आज दिनांक तक 64 पैक्स का ऑन सिस्टम ऑडिट किया जा चुका है एवं 27 पैक्स को ई-पैक्स घोषित किया जा चुका है। बैंक के अधिशासी अधिकारी किशोरी लाल मेवाडा ने बताया कि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन होने से पैक्स व्यवस्थापकों द्वारा वित्तीय अनियमितता करने पर जवाबदेहिता निर्धारिण करना आसान रहेगा। कार्यक्रम में अन्य प्रतिभागियों ने भी अपने अमूल्य विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में उप रजिस्ट्रार सहकारी समितिया पाली जितेन्द्र कुमार, अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी जोगेन्द्र सिंह, मुख्य प्रबन्धक छोगाराम चौधरी, दि पाली सैंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पाली के वरिष्ठ प्रबंधक (विधि) धर्मेन्द्र कुमावत एवं बैंक के अन्य अधिकारी ग्राम सेवा सहकारी समिति के पदाधिकारी एवं विभिन्न गणमान्य जन मौजूद रहे।

# इंसान का इंसान से हो भाईचारा

## -दीपावली स्नेह मिलन समारोह में दिया भाईचारे का संदेश




चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर शहर के ऐतिहासिक स्थल कोटड़ी रिसालदार में "कायम एजुकेशन एंड वेल्फेयर सोसायटी" के तत्वावधान में इक्कीसवां दीपावाली स्नेह मिलन समारोह गायत्री शक्ति पीठ के रामसिंह राठौड़ व मौलाना अनीश रज्जा के सानिध्य व वरिष्ठ कांग्रेस नेता रफीक मडे लिया के मुख्य आतिथ्य में उत्साह पूर्वक मनाया गया। शहर के सभी वर्गों के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में उत्साह पूर्वक मनाए गए कार्यक्रम के शुभारंभ में समारोह के संयोजक रियाजत अली खान ने सभी लोगों का स्वागत करते हुए चूरू के लोगों के स्नेह भाव को रेखांकित किया। इस अवसर पर प्रो. सुरेंद्र सोनी ने भारत नाम की व्याख्या कहा कि भारत मेरा देश है, समस्त भारतवासी मेरे भाई बहन हैं जैसा भाव हर देशवासी के मन में होना चाहिए। गायत्री शक्ति पीठ के रामसिंह राठौड़ ने ऋग्वेद के मंत्र का उल्लेख करते हुए मानव मानव में एकता की बात कही। सेवा निवृत शिक्षक बाबूलाल शर्मा ने श्रृष्टि की रचना को समझाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रफीक मंडेलिया ने आपसी स्नेह व भाईचारे से रहने की बात कही।मौलाना अनीश रज्जा की ओर से प्रस्तुत आयत के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में उमाशंकर शर्मा, अदुराम न्यौल, अधिवक्ता आशा राम, सेवा निवृत एडिशनल एसपी अयूब खान, इस्माइल खान,महिला कांग्रेस की कपूरिया आदि ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर इरशाद मंडेलिया, डॉ. सुरेन्द्र सोनी, , बाबूलाल शर्मा, सुरेन्द् महला, उमाशंकर, इस्माइल खान, धर्मेंद्र बुडानिया, सुनिता कपूरिया, आशाराम सैनी, ठाकुर मल शर्मा, अय्यूब खान, वाहिद खान, विद्याधर मेघवाल, सहित सैकडो की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन लीलाधर चुलेट ने किया।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम—2026 में प्रगति को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईआरओ के साथ की समीक्षा बैठक

## -98% परिगणना प्रपत्र वितरित, बीएलओ ने 1.27 लाख प्रपत्र संग्रहित कर किए डिजिटलाइज्ड

## -जिले के मतदाताओं ने ऑनलाइन भरें 9486 परिगणना प्रपत्र



हनुमानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। मतदाता सूचियां की शुद्धता एवं अपडेशन के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण—2026 अंतर्गत परिगणना प्रपत्र संग्रहण का कार्य जोरों पर है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने डीईओ तथा ईआरओ के साथ समीक्षा बैठक भी की। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की विधानसभाओ के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों व सुपरवाइजर के साथ एसआईआर की समीक्षा की। जिले में कुल 14 लाख 47 हजार 472 मतदाता पंजीकृत है। बीएलओ द्वारा घर—घर पहुंचकर जिले के 14 लाख 13 हजार 935 मतदाताओं (97.68%) को परिगणना प्रपत्र वितरित कर दिया गया है। इसके साथ ही पूर्ण भरा हुआ परिगणना प्रपत्र प्राप्त कर बीएलओ द्वारा 1,26,852 परिगणना प्रपत्रों को डिजिटलाइज्ड भी किया जा चुका है। जिले के 9,486 जागरूक मतदाताओं ने स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपना परिगणना प्रपत्र भरकर सबमिट किया है। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त राशन डीलर्स, पीडब्ल्यूडी को अपने ठेकेदार व उनके अधीन कार्यरत श्रमिकों के फॉर्म ऑनलाइन करवाने, डिस्कॉम को समस्त तकनीकी स्टाफ को फॉर्म ऑनलाइन भरने का प्रशिक्षण प्रदान करने, वार्ड पार्षदों व सफाई निरीक्षकों के माध्यम से अभियान की प्रगति बढ़ाने में सहयोग की बात कही। समस्त महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को प्रपत्र को ऑनलाइन भरने का प्रशिक्षण दिलवाने के निर्देश दिए। राजकीय व निजी विद्यालयों में बच्चों के अभिभावकों के फॉर्म ऑनलाइन करवाने व प्रार्थना सभा में बच्चों को एसआईआर अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त विभागों को कार्यालय में पोस्टर लगवाने के निर्देश दिए। जिन मतदाताओं के आधार कार्ड व मतदाता पहचान पत्र में भिन्नता है, वो अपना ऑफलाइन प्रपत्र भरकर बीएलओ को शीघ्र जमा करवाए। मतदाता ई—मित्रों के माध्यम से भी अपने फॉर्म ऑनलाइन करवा सकते है। समस्त अधिकारीयों को अपने अधीनस्थ समस्त कार्मिकों व उनके परिवार के सदस्यों के परिगणना प्रपत्र ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेदी लाल मीना, एसीईओ देशराज बिश्नोई, सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, आयुक्त नगरपरिषद सुरेन्द्र यादव, डीएसओ सुनील घोड़ेला, प्राचार्य डॉ. रामपाल, एसीपी आशीष सिहाग व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आतिशबाजी कर भाजपा ने मनाया विजय उत्सव



**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी पाली जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी ने बताया की भारतीय जनता पार्टी की बिहार चुनाव मे ऐतिहासिक विजय पर सुरजपोल चौराया पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ ने जिला अध्यक्ष सुनिल भंडारी के नेतृत्व मे भव्य आतिशबाज़ी की व मिठाई बाट कर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनिल भंडारी, महामन्त्री दिग्विजयसिंह राठोर, नारायण कुमावत, रामकिशोर साबु, तिलोक चौधरी, देविलाल मेघवाल, पियुश शर्मा, राहुल मेवाड़ा, गोपाल बजारा, सुरेश पवार, अभिचेक दुगड, कैलाश गौड, गुमानसिंह रावत, सहित उपस्थित रहे।

# प्राणघातक हमले (अटेम्प्ट टू मर्डर) का आरोपी जमानत पर रिहा

## -अधिवक्ता फिरोज खान ने अभियुक्त दिलीप की पैरवी की



बारां (रॉयल पत्रिका)। थाना कोतवाली बारां ने फरियादी धनराज की रिपोर्ट पर मुक़दमा संख्या 121/2025 धारा 126(2), 115(2), 109,(1),118(1), 118(2) बीएनएस व एसटी/एससी की धारा 3(1)(r), 3(1)(s), 3(2)(v), व 4/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया, जिसमे फरियादी ने दिलीप के द्वारा अपने बेटे जितेंद्र के साथ मारपीट कर जानसे मारने की नीयत से चाकू से छाती और सीने पर गहरे वार करने का आरोप लगाया, जिसे बारां अस्पताल से गंभीर हालत में कोटा रेफर कर दिया, पुलिस ने अनुसंधान के बाद दीपक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, बाद अनुसंधान पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया, दीपक का जमानत प्रार्थना पत्र बारां न्यायालय में पेश करने के बाद राजस्थान उच्च न्यायालय में पेश किया जिसकी जमानत उच्च न्यायालय ने स्वीकार करली, दीपक के जमानत मुचलके न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश बारां में अधिवक्ता फिरोज खान ने पेश किए जिस पर जिला कारागृह बारां ने दीपक को रिहा कर दिया, दीपक की पैरवी अधिवक्ता फिरोज खान ने की।

# शकील दुर्रानी का केक काटकर मनाया जन्मदिन



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय मोहल्ला ईदगाह रिसालदार कोटड़ी प्रांगण में, खेल प्रेमी शकील दुरानी के जन्मदिवस पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफ़ीक मंडेलिया के सानिध्य में युवाओं ने केक काट कर मनाया जन्मदिवस। रफ़ीक मंडेलिया ने कहा खेल के प्रति लगन रखने वाले युवा शकील दुरानी ने चूरू जैसे शहर में फुटबॉल का राष्ट्रीय आयोजन करवा कर बड़ा नाम किया। इस अवसर पर सोनू खान, हमीद खान रिसलदार, इस्माइल खान, जावेद खान, शेर खान एलमान, असलम खान आदि उपस्थित रहे एवं बधाई दी ।

# हिंडौन कोतवाली में वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर वंदे मातरम का आयोजन



**हनीस खान कुतकपुर**

हिंडौन सिटी (रॉयल पत्रिका)। 15 नवंबर 2025 शनिवार सुबह 9:30 बजे थाना कोतवाली हिंडौन सिटी मैं CI साहब महेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में सम्माननीय वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में हिंडौन थाना कोतवाली कैंपस में वंदे मातरम राष्ट्रगीत गाया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस संयोजिका लज्जा रानी अग्रवाल, clg सदस्य नफीस अहमद, अनिल गोयल, मोहन सिनेमा, सौन्टू गोयल, अंश गोयल, आदि मौजूद है।

# सस्ती ब्याज दरों पर ले सकेंगे ऋण

## -ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर

झुंझुनूं (रॉयल पत्रिका)। भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित एवं विकास निगम, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एंव विकास निगम, राष्ट्रीय विकलांग वित्त एवं विकास निगम एवं राष्ट्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग वित व विकास निगम वित्त वर्ष 2025-26 के ऋण के लिए ऑनलाईन आवेदन 30 नवम्बर 2025 तक आमंत्रित किए गए है। निगम की विभिन्न योजनाओं में 50 हजार से 10 लाख तक के ऋण 4 से 8 प्रतिशत ब्याज दरों पर 20 त्रैमासिक किश्तों में वसूल करने की शर्तों के अधीन स्वीकृत किया जाता है। परियोजना प्रबंधक अनुजा निगम अरविन्द कुमार ओला ने बताया कि ऋण लेने के इच्छुक व्यक्ति अन्तिम तिथि से पूर्व ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। जिसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम एवं 60 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। आवेदक की वार्षिक आय अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 3 लाख रूपए, सफाई कर्मचारियों एवं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कोई आय सीमा निर्धारित नही है। आवेदक पर किसी ऋणदात्री संस्था का ऋण बकाया नही होना चाहिए। आवेदक द्वारा ऋण आवेदन ऑनलाईन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जन आधार कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक (ऋण आवेदन करने वाले व्यक्ति का बैंक खाता जन आधार में अपडेट होना चाहिए), जाति प्रमाण पत्र जिसमें टोकन नम्बर अंकित हो, बीपीएल कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल नही हो तो आय प्रमाण पत्र जो कि 6 माह से अधिक पुराना न हो, अदेय प्रमाण पत्र एवं परियोजना विवरण दस्तावेज सहित ऑनलाईन आवेदन अनुजा निगम के पोर्टल पर ई-मित्र या स्वयं की एसएसओ आईडी में अनुजा निगम लोगो के माध्यम से कर सकते है।

## आइशर ट्रक और बसेज़ ने आइशर प्रो एक्स डीज़ल रेंज लॉन्च की

**मुंबई, एजेंसी।** आयशर ट्रक्स एंड बसेज़, वीई कमर्शियल व्हीकल्स की एक व्यावसायिक इकाई, ने आज आइशर प्रो एक्स डीज़ल के लॉन्च की घोषणा की, जिससे उसने 2-3.5 टन के छोटे वाणिज्यिक वाहन सेगमेंट में अपनी नई पीढ़ी की पेशकश का विस्तार किया है। इस वर्ष की शुरुआत में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में आइशर प्रो एक्स ईवी के सफल लॉन्च के बाद, डीज़ल वेरिएंट का परिचय आयशर की ईंधन दक्षता और अनुप्रयोग उत्कृष्टता में उद्योग-अग्रणी विशेषज्ञता को उन ग्राहकों और क्षेत्रों के लिए जोड़ता है जिन्हें डीज़ल संचालित समाधानों की आवश्यकता है। वाणिज्यिक वाहन उद्योग में चार दशकों से अधिक की नेतृत्वकारी उपस्थिति के साथ, आयशर ट्रक्स एंड बसेज़ नई आइशर प्रो एक्स के माध्यम से अंतिम मील लॉजिस्टिक्स को रूपांतरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राहकों के साथ मिलकर विकसित और एक एक्सपर्ट समाधान के रूप में निर्मित यह नई डीज़ल रेंज छोटे व्यवसायों, फ्लीट ऑपरेटरों और पहली बार वाहन खरीदने वालों को श्रेष्ठ प्रदर्शन, बेहतरीन अपटाइम और आसान स्वामित्व अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है।

आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स ने एमपी में ग्रियू एनर्जी के सोलर सेल प्लांट के लिए साईन किया लॉन्ग टर्म ऑन-साइट गैस सप्लाई एग्रीमेंट आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट् ग्रियू एनर्जी की आगामी 3 जीडब्ल्यू सोलर पीवी सेल निर्माण फैसिलिटी, नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश के लिए अल्ट्रा-हाई प्योरिटी (यूएचपी) नाइट्रोजन की आपूर्ति करेगा।

## मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड ने क्यू2 एफवाय26 में जबरदस्त प्रदर्शन दिया

**मुंबई, एजेंसी।** मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड (मित्सु, कंपनी) , जो ब्लो मोल्डेड और इंजेक्शन मोल्डेड उत्पादों की अग्रणी वैश्विक निर्माताओं में से एक है, तथा अस्पताल फर्नीचर के घटकों, अवसंरचना उत्पादों, पैकेजिंग बोतलों, ड्रम, जैरी कैन, पेल्स और कैप्स की विशेषज्ञ है, ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (क्यू2 एफवाय26) के लिए अपने अपरिक्षित वित्तीय परिणामों (अलेखित वित्तीय परिणाम) की घोषणा की है। अपने प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड के अध्यक्ष श्री जगदीश डेडिया ने कहा, 'हम इस तिमाही में अपनी लगातार प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, जो हमारे मुख्य उत्पाद क्षेत्रों में स्थिर मांग और निर्यात बाजारों में बढ़ती पकड़ से प्रेरित है। हमारा विदेश व्यापार लगातार विस्तार कर रहा है क्योंकि हम वैश्विक ओइएमएस के साथ साझेदारियों को मजबूत कर रहे हैं और हाल ही में यूरोप के नए बाजारों में अपनी उपस्थिति बढ़ाई है। हमारे अस्पताल फर्नीचर ब्रांड फ़र्नास्ट्रा को मिली प्रतिक्रिया अत्यंत उत्साहजनक रही है।

## विश्व बैंक से बड़ी राहत, हटी कंपनी पर लगी रोक, रॉकेट सा उड़ा स्मॉलकैप शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप कंपनी ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को रॉकेट सा उड़ गए हैं। ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स के शेयर शुक्रवार को ब्रस्थ में 10 पर्सेंट के उछाल के साथ 318.25 रुपये पर पहुंच गए हैं। विश्व बैंक (वर्ल्ड बैंक) की तरफ से एक बड़ी राहत मिलने के बाद ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स लिमिटेड के शेयरों में यह तेजी आई है। पिछले एक महीने ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स के शेयर 33 पर्सेंट से अधिक टूट गए थे। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 650.22 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 282.80 रुपये है। रोक वाली कंपनियों की लिस्ट से हटा नाम ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स लिमिटेड ने शुक्रवार को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि विश्व बैंक ने कंपनी का नाम अपनी वेबसाइट पर दी गई रोक वाली कंपनियों (डिबार्ड कंपनियों) और लोगों की लिस्ट से हटा दिया है। वर्ल्ड बैंक ने सैंक्शंस केस में कंपनी का जवाब दाखिल करने की अवधि में भी एक्सटेंशन दिया है।

## ओम मेहरा करेंगे भोपाल शूटिंग चैंपियनशिप में निशाना साधने का कमाल

**भोपाल।** भोपाल में शुरू हुई 10 मीटर एयर पिस्टल और राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में देशभर के निशानेबाजों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में खास आकर्षण 72 वर्षीय ओम मेहरा रहने वाले है। जो साबित करेंगे कि उम्र केवल एक संख्या है, जज्बा और लगन ही सफलता की असली कुंजी है। आगरा की संकल्प शूटिंग एकेडमी के प्रशिक्षु ओम मेहरा को उनके कोच विक्रम सिंह तोमर ने प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। उन्होंने बताया कि ओम मेहरा ने कुछ माह पूर्व ही शूटिंग शुरू की थी, लेकिन अल्प समय में ही उन्होंने बेहतरीन निशानेबाजी कर सिल्वर मेडल तक का सफर तय किया है। ओम मेहरा का पेशेवर जीवन भी प्रेरणादायक रहा है — वे जयपुरिया ग्रुप की कई इकाइयों में वरिष्ठ पदों पर कार्य कर चुके हैं और अफ्रीका के ज़िम्बाब्वे में ष्टहह के पद पर भी रह चुके हैं। संगीत के शौकीन ओम मेहरा न केवल शूटिंग में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सक्रियता का उदाहरण बने हुए हैं। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र समेत देश के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों निशानेबाजों ने भाग लिया। प्रतियोगिता 24 नवंबर तक चलेगी।

# 2000 करोड़ के मिसाइलों का बड़ा ऑर्डर, डिफेंस शेयर बना रॉकेट

### 32 प्रतिशत उछाल की संभावना



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
डिफेंस कंपनी भारत डायनेमिक्स के शेयर आज रॉकेट बन गए हैं। इसके पीछे कंपनी के सितंबर महीने की तिमाही के मजबूत वित्तीय नतीजे तो हैं ही, साथ में 2000 करोड़ रुपये के ऑर्डर भी हैं। शेयर का भाव आज 6.92 प्रतिशत बढ़कर 1,622.90 रुपये प्रति शेयर हो गया। आज यह स्टॉक 1601 रुपये पर खुला और 1628.80 रुपये पर पहुंच गए। ब्रोक्रेज फर्म मोतीलाल ओसवाल का मानना है कि भारत डायनेमिक्स के शेयर में एक साल में 32 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है। उनका अनुमान है कि कंपनी की आमदनी, और मुनाफा वित्तीय वर्ष 2025 से 2028 के बीच क्रमशः 35 प्रतिशत, 64 प्रतिशत और 51 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ेगा।

### खरीदें की सलाह जारी

मोतीलाल ओसवाल नेअपनी खरीदें की सिफारिश बरकरार रखी है और शेयर का लक्ष्य भाव बढ़ाकर 1,900 रुपये से 2,000 रुपये कर दिया है। इसी तरह चॉइस ब्रोकिंग ने भी खरीदें की सिफारिश जारी रखते हुए शेयर का लक्ष्य भाव 1,965 रुपये रखा है।

### मजबूत प्रदर्शन के कारण

चेन की दिक्कतें कम होने के बाद कंपनी ने अपने काम की रफ्तार तेज कर दी है, जिससे इसका तिमाही प्रदर्शन मजबूत हुआ है। हालाँकि, चल रहे प्रोजेक्ट्स के मिश्रण के कारण मुनाफे की दर (मार्जिन) अभी प्रभावित है।

### मिसाइलों का बड़ा ऑर्डर

कंपनी ने गुरुवार को 2,000 करोड़ रुपये के इनवार एंटी-टैंक मिसाइलों के ऑर्डर हासिल होने की घोषणा की। इस आपातकालीन खरीद को कंपनी के लिए मजबूत विकास का आधार माना जा रहा है। ब्रेक्रेज फर्मों का मानना है कि कंपनी के पास ऑर्डरों का भरपूर भंडार है और जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ेगा।

## रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच बढ़ते स्वास्थ्य जोखिमों पर प्रकाश डाला

**मुंबई, एजेंसी।**
अक्टूबर के अंत से दिसंबर की शुरुआत तक, देश के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता आमतौर पर मध्यम से गंभीर स्तर तक गिर जाती है। इसके पीछे प्रमुख कारण पराली जलाना, त्योहारी आतिशबाज़ी और स्थिर सर्दियों की हवा हैं। इस तरह के प्रदूषण के लंबे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों के अलावा शरीर के कई अन्य अंग तंत्र प्रभावित होते हैं, जिससे श्वसन, हृदय संबंधी और त्वचा से जुड़ी बीमारियों में बढ़ोतरी देखी जाती है। इस बढ़ती चिंता पर विचार व्यक्त करते हुए रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ राकेश जैन ने कहा, भारत के कई क्षेत्रों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता अब केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक बढ़ती हुई सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति है। बढ़ते प्रदूषण स्तर श्वसन और हृदय संबंधी बीमारियों में सीधे तौर पर वृद्धि का कारण बन रहे हैं, जिससे उपचार चक्र लंबा हो रहा है और परिवारों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागत बढ़ रही है। इस संदर्भ में, स्वास्थ्य बीमा को एक विवेकाधीन खर्च के रूप में नहीं,



बल्कि एक बुनियादी घरेलू आवश्यकता के रूप में देखा जाना चाहिए। यह गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल तक समय पर पहुँच सुनिश्चित करता है और परिवारों को अप्रत्याशित स्वास्थ्य स्थितियों के वित्तीय प्रभाव से बचाता है। बीमाकर्ता के रूप में, हम प्रदूषण संबंधी बीमारियों से जुड़े दावों के पैटर्न में स्पष्ट बदलाव देख रहे हैं, जो व्यापक कवरेज और तेज़ी से अपनाने की आवश्यकता को पुष्ट करता है। हम व्यक्तियों और परिवारों से आग्रह करते हैं कि वे न केवल मन की शांति के लिए, बल्कि पर्यावरणीय कारकों से प्रेरित बढ़ते स्वास्थ्य जोखिमों के विरुद्ध एक व्यावहारिक सुरक्षा उपाय के रूप में भी सक्रिय रूप से स्वास्थ्य बीमा करवाएं।

### कंपनी अपने नर्मदापुरम एएसयू (एयर सेपरेशन यूनिट) से आपूर्ति की

## विश्वसनीयता, गैस की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट् जो भारत की लीडिंग इंडस्ट्रियल, इलेक्ट्रॉनिक और स्पेशलिटी गैस निर्माता कंपनी है, ने ग्रियू एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ दीर्घकालिक साझेदारी की है। इस समझौते के तहत आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स, ग्रियू एनर्जी की आगामी 3 गीगावॉट सोलर पीवी सेल निर्माण फैसिलिटी, नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश के लिए अल्ट्रा-हाई प्योरिटी (यूएचपी) नाइट्रोजन की आपूर्ति करेगा। समझौते के अनुसार, आईएनओएक्सएपी अपने मौजूदा एयर सेपरेशन यूनिट (एएसयू) से एक समर्पित पाइपलाइन नेटवर्क के विकास में महत्वपूर्ण निवेश करेगा और उसेडेवलप करेगा ताकि विश्वसनीय और 24×7 सप्लाई सुनिश्चित की जा सके। आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स ग्रियू एनर्जी की नर्मदापुरम फैसिलिटी में फोटो-वोल्टाइक सोलर सेल निर्माण की सटीक उत्पादन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अल्ट्रा-हाई प्योरिटी (यूएचपी) नाइट्रोजन की आपूर्ति करेगा।यह दीर्घकालिक साझेदारी भारत के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर स्वच्छ ऊर्जा वाला इकोसिस्टम बनाने के साझा विश्वास को दर्शाती है।यह साझेदारी न केवल ग्रियू एनर्जीकी फैसिलिटी की उच्च शुद्धता वाली गैस की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, बल्कि क्षेत्र में बढ़ते इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूती प्रदान करेगी।सोलर पीवी सेल निर्माण फैसिलिटी के 2026 की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है, जोग्र्यू एनर्जीकी कमीशनिंग टाइमलाइन के अनुरूप है। इस साझेदारी पर बोलते हुए, दिगंत शर्मा, प्रमुख - रणनीति और व्यवसाय विकास, आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स ने कहा,हमें भारत की रिन्यूएबल एनर्जी यात्रा को आकार देने मेंग्र्यू एनर्जीके साथ साझेदारी करने पर गर्व है।यह दीर्घकालिक समझौता भारत के सोलर मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोनहै, क्योंकि यह उच्च शुद्धता वाली औद्योगिक गैसों की विश्वसनीय और सस्टेनेबल आपूर्ति सुनिश्चित करता है।ऐसी साझेदारियाँ न केवल राष्ट्रीय स्तर पर विकास में सहायक होती हैं, बल्कि सूक्ष्म स्तर पर क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा देती हैं, जो इन सहयोगों का एक अतिरिक्त लाभ है।जैसे-जैसे भारत अपने आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया लक्ष्यों की ओर अग्रसर हो रहा है, ऐसे सहयोग यह दर्शाते हैं कि कैसे मजबूत औद्योगिक साझेदारियाँ इनोवेशन, स्थिरता और आत्मनिर्भरता को गति दे सकती हैं। ग्रियू एनर्जी में हमारा लक्ष्य है कि भारत सोलर पीवी सेल निर्माण का एक ग्लोबल हब बने।

### भारत भर में सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल बने मलबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने

## 'हंगर-फ्री वर्ल्ड' पहल को वैश्विक अभियान का रूप दिया

**मुंबई, एजेंसी।**
दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आभूषण विक्रेता और भारत में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अग्रणी समर्थकों में से एक, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपनी प्रमुख पहल हंगर फ्री वर्ल्ड का इथियोपिया में विस्तार करने की घोषणा की है। भारत और ज़ाम्बिया में अपनी परिवर्तनकारी सफलता के बाद, यह पहल अब अफ्रीकी महाद्वीप में विकास के अपने अगले चरण में प्रवेश कर रही है।

भारत के करुणा और सामूहिक प्रगति के मूल्यों पर आधारित, हंगर फ्री वर्ल्ड मॉडल दर्शाता है कि कैसे भारतीय उद्यम स्थानीय सफलता से वैश्विक प्रभाव बना सकते हैं। मलाबार ने लगातार अपने शुद्ध मुनाफे का 5 प्रतिशत कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यों पर व्यय किया है। यह भारत में अनिवार्य सीएसआर आवंटन के दोगुने से भी अधिक है 7 मालाबार कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के पैमाने और ईमानदारी को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है, और अपने सिद्ध भारत-आधारित ढाँचे को भूख और शैक्षिक असमानता के खिलाफ एक वैश्विक आंदोलन में परिवर्तित कर रहा है।

यह घोषणा दुबई गोल्ड सूक स्थित मालाबार इंटरनेशनल हब में आयोजित एक कार्यक्रम में की गई, जहां मालाबार समूह के उपाध्यक्ष श्री अब्दुल सलाम के. पी. ने दुबई में इथियोपिया के महावाणिज्यदूत महामहिम असमेलाश बेकेले को आधिकारिक रूप से आशय पत्र सौंपा। इस समारोह में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की प्रबंधन टीम के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। हंगर फ्री वर्ल्ड कार्यक्रम मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की सबसे प्रभावशाली ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) पहलों में से एक है। वर्तमान में, यह कार्यक्रम दुनिया भर में 119 स्थानों पर प्रतिदिन 115,000 से अधिक जरूरतमंदों को पौष्टिक भोजन प्रदान कर रहा है। इथियोपिया में इसका विस्तार ज़ाम्बिया में कार्यक्रम की सफलता के बाद हुआ है, जहां मई 2024 से तीन स्कूलों में 900,000 से अधिक भोजन परोसे जा चुके हैं। मालाबार समूह के अध्यक्ष श्री एमपी अहमद ने कहा, हंगर फ्री वर्ल्ड, मालाबार समूह द्वारा समर्थित सबसे सार्थक ईएसजी पहलों में से एक रहा है। एक ज़िम्मेदार जौहरी के रूप में, जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं, उनके प्रति हमारी प्रतिबद्धता व्यवसाय से कहीं आगे जाती है। इस कार्यक्रम से सकारात्मक रूप से प्रभावित लाखों लोगों के जीवन हमारे सतत और समावेशी विकास के दृष्टिकोण के प्रमाण हैं। इथियोपियाई सरकार के साथ साझेदारी करके, हम अगले दो वर्षों में 864,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेंगे, जिसका लक्ष्य 2026 के अंत तक 10,000 बच्चों तक दैनिक भोजन पहुंचना है, साथ ही शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढाँचे का विकास करना है, । मालाबार समूह के उपाध्यक्ष श्री अब्दुल सलाम के.पी. ने कहा, सामुदायिक उत्थान हमारी शुरुआत से ही हमारे ब्रांड डीएनए का एक अभिन्न अंग रहा है।

# सूर्या रोशनी ने पोर्टफोलियो का विस्तार किया

### टर्बो फ्लेक्स रेंज के साथ तार और केबल्स सेगमेंट में प्रवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सूर्या रोशनी, जो भारत में लाइटिंग, फैन, होम अप्लायंसेज़, स्टील और पीवीसी पाइप्स के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक है, ने तार और केबल्स सेगमेंट में प्रवेश किया है और अपनी नई टर्बो फ्लेक्स रेंज लॉन्च की है – जो सुरक्षा, टिकाऊपन और बहुमुखी प्रतिभा का शक्तिशाली संयोजन है, विशेष रूप से आधुनिक घरों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए तैयार की गई है। इसके साथ कंपनी ने इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस मार्केट में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। नए लॉन्च किए गए तार दो प्रकार में उपलब्ध हैं- टर्बो फ्लेक्स - एफआर (फ्लेम रिटार्डेंट) और टर्बो फ्लेक्स ग्रीन एफआरएलएसएच (फ्लेम रिटार्डेंट लो स्मोक एंड हैलोजन)। ये आरओएचएस (प्रतिबंधित खतरनाक पदार्थों पर रोक) अनुपालन, पर्यावरण-अनुकूल तार हैं, जिन्हें उच्च सुरक्षा विशेषताओं के साथ बनाया




गया है और रोज़मर्रा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए इंजीनियर किया गया है। सात आकर्षक रंगों - काला, लाल, नीला, हरा, ग्रे, सफेद और पीला - में उपलब्ध ये तार आवासीय और औद्योगिक वायरिंग सेटअप में बढ़ती कार्यात्मक सुरक्षा और सौंदर्यपूर्ण समन्वय की मांग को पूरा करते हैं। इनके उच्च इंसुलेशन रेज़िस्टेंस गुण इन्हें सुरक्षा और स्थिरता के प्रति जागरूक बाजारों में एक भरोसेमंद विकल्प बनाते हैं। सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए, सूर्या की टर्बो फ्लेक्स रेंज पीवीसी इंसुलेटेड है, जो अत्यधिक गर्मी का सामना करने में सक्षम है और कठिन परिस्थितियों में भी निर्बाध प्रदर्शन सुनिश्चित करती है। प्रत्येक तार का परीक्षण किया गया है और यह 1100 वोल्ट के लिए रेटेड है, जिससे यह घरेलू अनुप्रयोगों के साथ-साथ वाणिज्यिक विद्युत प्रणालियों के लिए भी उपयुक्त है। चाहे पंखा हो, लाइट फिक्स्चर हो या उपकरण, ये तार अपने उच्च इंसुलेशन और गर्मी प्रतिरोध के माध्यम से उपभोक्ताओं को मानसिक शांति प्रदान करते हैं।

सूर्या की अत्याधुनिक मालनपुर सुविधा में पूरी तरह इन-हाउस तैयार और निर्मित टर्बो फ्लेक्स तारों का करंट कैरिंग क्षमता के लिए कठोर परीक्षण किया गया है। इनमें उच्च इंसुलेशन रेज़िस्टेंस, एंटी-टर्माइट और एंटी-रोडेंट सुरक्षा, 101 प्रतिशत कॉपर कंडक्टिविटी और 99.97 प्रतिशत कॉपर की शुद्धता है। तार सेगमेंट में 25 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, और 3 लाख से अधिक रिटेलर्स, 2,500 डीलर्स और 10,000+ कर्मचारियों के राष्ट्रीय नेटवर्क की ताकत पर आधारित, सूर्या रोशनी भारत के घरों और व्यवसायों को ऊर्जा देने के लिए तैयार है। लॉन्च पर बोलते हुए, पद्मश्री जे. पी. अग्रवाल, चेयरमैन - सूर्या रोशनी लिमिटेड ने कहा‚हमारा मिशन हमेशा से भरोसे और तकनीक को जोड़ना रहा है। टर्बो फ्लेक्स रेंज केवल एक तार नहीं है - यह हर घर की सुरक्षा है।

## क्यूपिड लिमिटेड का एफवाय26 में 335 करोड़ राजस्व लक्ष्य बरकरार, बढ़त की उम्मीद

**मुंबई।** क्यूपिड लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी ने अपनी अब तक की सबसे मजबूत तिमाही क्यू2 एफवाय26 (30 सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही) में दर्ज की है। कंपनी का गति-क्रम बरकरार है, और क्यू3 व क्यू4 दोनों ही तिमाहियां रिकॉर्ड प्रदर्शन की ओर अग्रसर हैं। परंपरागत रूप से, वर्ष का दूसरा आधा हिस्सा (एच2) पहले से बेहतर रहा है — मजबूत ऑर्डर विजिबिलिटी और बेहतर निष्पादन के चलते। क्यूपिड एफवाय26 के लिए अपने 335 करोड़ के राजस्व लक्ष्य को पार करने की दिशा में अग्रसर है। साथ ही, विभिन्न सेगमेंट्स में सकारात्मक प्रगति को देखते हुए कंपनी को उम्मीद है कि इस वर्ष 100 करोड़ से अधिक का शुद्ध लाभ हासिल करेगी। ज़ कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो को प्रमुख श्रेणियों जैसे कंडोम, डियोडोरेंट, खुशबू (फ्रेगरेंस), प्रेग्नेंसी डिटेक्शन किट, हेयर रिमूवल स्प्रे, बादाम हेयर ऑयल और पेट्रोलियम जेली में तेजी से स्वीकृति मिल रही है। फेसवॉश और टैल्कम पाउडर के नए उत्पाद जल्द लॉन्च किए जाएंगे। आधुनिक व्यापार, पारंपरिक रिटेल और ई-कॉमर्स में बढ़ती पहुंच से दोबारा बिक्री और बाजार में पैठ मजबूत हो रही है। ब्रांड निर्माण और प्रचार में निरंतर निवेश से श्रेणी की जागरूकता और लाभप्रदता (इकाई अर्थशास्त्र) में सुधार हो रहा है। ग्राहकों के साथ मजबूत होते संबंध प्राथमिक बाजारों में बड़े ऑर्डर और आवंटन में परिवर्तित हो रहे हैं। लाभ और लगातार उच्च गुणवत्ता से टेंडर और दीर्घकालिक आपूर्ति कार्यक्रमों में जीत की दर बढ़ रही है।

## एजीआर राहत की उम्मीद, वोडाफोन आइडिया के शेयरों में जबरदस्त तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वोडाफोन आइडिया के शेयरों में शुक्रवार, 14 नवंबर को 5 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। यह इस शेयर की लगातार चौथे दिन बढ़त थी। इस उछाल के साथ, शेयर की कीमत अपने एफपीओ (फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर) के दाम 11 रुपये प्रति शेयर को पार कर गई है। सितंबर 2024 के बाद यह पहली बार हुआ है जब कंपनी का शेयर अपने एफपीओ के दाम से ऊपर पहुंचा है। इस चार दिनों की तेजी में शेयर की कीमतों में 15 प्रतिशत का उछाल आया है, जिसकी वजह एजीआर बकाया पर और राहत की उम्मीदें हैं। अगस्त के निचले स्तर 6.12 रुपये से यह शेयर लगभग दोगुना हो चुका है। कंपनी को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कंपनी को होने वाली किसी भी संभावित राहत का संबंध उसके कुल एजीआर बकाये से होगा, न कि सिर्फ अतिरिक्त मांग से।

# द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया भरोसेमंद हाइब्रिड मल्टी एसेट एलोकेशन फंड

**मुंबई, एजेंसी।**
पैंटोमैथ फाइनेंशियल सर्विसेज़ ग्रुप के तहत भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते एएमसी में से एक, द वेल्थ कंपनी एसेट मैनेजमेंट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, %द वेल्थ कंपनी मल्टी एसेट एलोकेशन फंड% लॉन्च कर रही है। यह ट्रू-टू-लेबल (पारदर्शी और भरोसेमंद) हाइब्रिड, कमोडिटी-एंकर्ड मल्टी-एसेट फंड इक्विटी फंड, डेट और कमॉडिटी को सक्रियता से संतुलित करेगा। इस तरह, यह निवेशकों को विभिन्न किस्म के बाज़ार चक्रों में लचीला और विविधीकृत पोर्टफोलियो प्रदान कर




दीर्घकालिक धन सृजन में मदद करता है। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 19 नवंबर, 2025 को खुलेगा और 3 दिसंबर, 2025 को बंद होगा। मुद्रास्फीति से बचाव के लिए सोना और चांदी जैसी धातुओं, संभावित स्थिरता के लिए निश्चित आय और दीर्घकालिक धन सृजन के लिए इक्विटी का संयोजन किया गया है। हर परिसंपत्ति वर्ग विकास, संभावित स्थिरता और जोखिम-समायोजित लाभ प्रदान करने में एक विशिष्ट भूमिका निभाने का प्रयास करता है। यह फंड अपने हाइब्रिड (मिले-जुले) स्वरूप के कारण अलग किस्म का है, जो अनुकूल कर ढांचे का लाभ उठाते हुए, विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में गतिशील रूप से आगे बढ़ने के लिए व्यापक लचीलापन प्रदान करता है। वेल्थ कंपनी मल्टी एसेट एलोकेशन फंड का लक्ष्य है, आयकर अधिनियम के तहत हाइब्रिड कराधान की आवश्यकताओं के अनुरूप परिसंपत्ति (एसेट) मिश्रण को बनाए रखना। कमॉडिटी में 50 प्रतिशत तक आवंटन करने की क्षमता के साथ, यह फंड प्रबंधकों को बदलती वृहद आर्थिक और बाज़ार स्थितियों के आधार पर अपनी स्थिति को समायोजित करने की अधिक स्वतंत्रता प्रदान करता है।

## केविनकेयर का चिक क्रेम हेयर कलर कैटेगरी में प्रवेश

**भोपाल।** केविनकेयर का चिक ब्रांड, भोपाल के बाजार में हेयर कलर कैटेगरी में एक क्रांतिकारी उत्पाद - चिक क्विक क्रेम हेयर कलर लेकर आया है। इस घोषणा के साथ चिक ने क्रेम हेयर कलर कैटेगरी में अपनी एंट्री दर्ज की है। यह उत्पाद एक अनोखे 10-मिनट के फास्ट एक्शन फॉर्मूले से लैस है, जो क्रेम हेयर कलरिंग को और आसान व समय-बचाने वाला बनाता है। इसमें आंवला और भृंगराज जैसे प्राकृतिक तत्वों की अच्छाई शामिल है, जिससे यह गहरे, नैचुरल दिखने वाले रंग का अनुभव देता है। यह लॉन्च चिक के उस मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें हर घर तक इनोवेटिव और आसान हेयर कलरिंग सॉल्यूशंस पहुंचाना शामिल है। ब्रांड ने लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी को ब्रांड एंबेसडर बनाया है और राज्य में एक व्यापक मार्केटिंग कैंपेन शुरू किया है, जिसमें प्रिंट, ऑनलाइन और डिजिटल माध्यम शामिल हैं। 'भोपाल में हेयर कलर बाजार तेजी से बदल रहा है। उपभोक्ता अब ऐसे समाधान चाहते हैं।

## 120 बहादुर का रोमांटिक गाना 'नैना रा लोभी' हुआ रिलीज, फरहान अख्तर-राशि खन्ना की दिखी खास केमिस्ट्री



एक्सेल एंटरटेनमेंट और ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज की फिल्म '120 बहादुर' इस साल की सबसे ज्यादा चर्चित फिल्मों में से एक बन गई है। टीज़र और गानों से जगी जिज्ञासा के बाद, अब नए रिलीज़ हुए ट्रेलर ने उत्साह को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया है। यह ट्रेलर भारत के सबसे महान युद्ध की एक अनकही, जोशीली और प्रेरणादायक कहानी दिखाता है, जहां 120 बहादुर भारतीय सैनिकों ने 3,000 चीनी सैनिकों के खिलाफ मोर्चा संभाला था। इसने दर्शकों के दिलों को छू लिया है और खूब सराहना बटोरी है। अब फिल्म के रोमांटिक पहलू को दिखाते हुए गाना 'नैना रा लोभी' रिलीज किया गया है। फिल्म '120 बहादुर' का 'नैना रा लोभी' एक प्यारा रोमांटिक गीत है, जो प्यार और यादों की भावनाओं को खूबसूरती से दिखाता है। फरहान अख्तर और राशी खन्ना पर फिल्माया गया यह गाना उनके मीठे रिश्ते को दिल छू लेने वाले सीन के ज़रिए दिखाता है।

## मेरे कर्व्स कहीं नहीं जा रहे, मैं सिंधी हूं

# तमन्ना भाटिया

### बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन पर तोड़ी चुप्पी



फिल्म स्त्री के हिट सॉन्ग आज की रात के बाद एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने फिर धमाल मचाया है। आर्यन खान की डेब्यू वेब सीरीज The Ba**ds of Bollywood* के गाने गफूर में उनके जबरदस्त डांस मूव्स और ग्लैमरस लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। लेकिन जहां फैंस उनके डांस की तारीफ कर रहे थे, वहीं उनकी बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर अफवाहों का दौर भी शुरू हो गया। कुछ ने इसे 'ओज़ेम्पिक' दवा का असर बताया, तो कुछ ने कहा कि यह उनके ब्रेकअप के बाद का 'रिवेंज बॉडी' है। अब तमन्ना भाटिया ने इन सभी चर्चाओं पर खुलकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वह 15 साल की उम्र से काम कर रही हैं और कैमरे के सामने उनका जीवन बीता है, इसलिए वह कुछ भी छिपा नहीं सकतीं। उन्होंने बताया, '20 की उम्र तक मैं हमेशा स्लेंडर (पतली) बॉडी टाइप की थी। यह ट्रांज़िशन मेरे लिए नया नहीं है। शायद हिंदी बेल्ट के दर्शकों को यह नया लगे, लेकिन मैं करीब 100 फिल्मों में काम कर चुकी हूं और लोगों ने मुझे अलग-अलग बॉडी शेप्स में देखा है। मेरा बॉडी स्ट्रक्चर हमेशा से थोड़ा लीनर ही रहा है।' तमन्ना ने आगे कहा, 'एक महिला का शरीर हमेशा बदलता रहता है। हर पांच साल में हम खुद का नया वर्जन देखते हैं और सोचते हैं 'अरे, अब मैं ऐसी दिखती हूं।' कोविड के दौरान मेरे शरीर पर बहुत असर पड़ा। 20 की तरह वज़न बनाए रखना मुश्किल हो गया था। और मैं खाने की बहुत शौकीन हूं।

# सोनाली बेन्द्रे



## बिना किसी गॉडफादर के फिल्मों में अपनी जगह बनाई

### सोनाली बेंद्रे को एक गाने ने बनाया सुपरस्टार

सोनाली बेंद्रे की मुस्कान आज भी उतनी ही ताजी और प्यारी है जितनी 90 के दशक में थी। एक मिडिल-क्लास महाराष्ट्रीयन घर से आने वाली बेटी ने अपने दिल में हमेशा फिल्मों में काम करने का एक ख्वाब संजोया था। उन्होंने अपने पिता से कहा था, 'बस तीन साल का मौका दो, नहीं तो मैं पढ़ाई पूरी करके आईएएस की तैयारी करूंगी।' वह तीन साल नहीं बल्कि अपनी पूरी जिंदगी इस सपने के लिए समर्पित कर गईं। बिना किसी गॉडफादर के, सिर्फ अपने आत्मविश्वास और मेहनत के सहारे सोनाली ने मॉडलिंग से शुरुआत की और फिर फिल्मों की दुनिया में अपनी जगह बनाई। सोनाली के लिए संघर्ष कभी आसान नहीं था। लुक के लिए मिले तानों या असफल फिल्मों ने उनके हौसले को कम नहीं किया। बल्कि हर चुनौती ने उनके इरादों को और मजबूत किया। 'हम्मा हम्मा' के आइटम डांस ने उन्हें रातोंरात मशहूर कर दिया, लेकिन वह हमेशा अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ती रहीं। उन्होंने अपने सपनों को जिया और साबित किया कि किस्मत से ज्यादा आत्मविश्वास और मेहनत जरूरी है । फिल्मों के अलावा जब जिंदगी ने सबसे बड़ा संघर्ष कैंसर की बीमारी दिया, तब भी सोनाली ने हार नहीं मानी। मुश्किल दौर में भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी लड़ाई जीती। उनके साथ खड़े रहे सलमान खान जैसे दोस्त और परिवार ने उन्हें नई ताकत दी। अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए सोनाली कहती हैं- मैं एक मिडिल-क्लास महाराष्ट्रीयन परिवार से आती हूं। हमारे घर में कभी किसी ने नहीं सोचा था कि मैं फिल्मों में काम करूंगी। ये सब एक तरह से किस्मत की बात थी। जब पीछे मुड़कर देखती हूं, तो खुद को भी यकीन नहीं होता कि ये सब कैसे हुआ? मैंने अपने पापा से कहा था कि मुझे बस तीन साल का समय दो, अगर कुछ नहीं हुआ तो मैं पढ़ाई पूरी करके आईएएस की परीक्षा दूंगी। उन्होंने मुझे इजाजत दी और जब मैंने शुरुआत की, तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। अब इतने साल बीत चुके हैं, लगता है जैसे वो वक्त किसी और दुनिया का था।

सोनाली बेंद्रे ने मुंबई के रामनारायण लोहिया कॉलेज से अपनी पढ़ाई की है। कॉलेज के दिनों में वे पढ़ाई में अच्छी थीं। आत्मविश्वास ने ही उन्हें मॉडलिंग की ओर बढ़ाया। उन्होंने विज्ञापनों से शुरुआत की। उनका 'निरमा' का विज्ञापन खूब लोकप्रिय हुआ। सोनाली कहती हैं- वह कॉमर्शियल मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट था। एक एक्टर के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि लोग उसे याद रखें। हम कैमरे के सामने इसलिए काम करते हैं ताकि फैंस हमें पहचानें। जब तक हम लोगों के दिलों में जिंदा रहते हैं, तभी तक हमारी जिंदगी एक एक्टर के रूप में मायने रखती है। अगर लोग हमें भूल जाएं, तो समझो कि हमारी पहचान खत्म हो गई। सोनाली को पहली फिल्म सोहेल खान के प्रोडक्शन में 'राम' ऑफर हुई थी, लेकिन किन्हीं कारणों से ये फिल्म बन नहीं पाई। इसके बाद साल 1994 में सोनाली ने फिल्म 'आग' से डेब्यू किया। इस फिल्म में उनके साथ गोविंदा नजर आए थे। यह फिल्म नहीं चली। उस दौरान कई प्रोड्यूसर्स ने उनके लुक के कारण ताने भी दिए, लेकिन सोनाली ने उस स्थिति को बहुत हार्ड वर्क और आत्मविश्वास के साथ संभाला। उन्होंने अपने आप पर भरोसा बनाए रखा और अपने टैलेंट से प्रूव किया कि सिर्फ लुक से ही लोगों का आकलन सही नहीं होता।


## हॉस्पिटल से धर्मेंद्र का वीडियो लीक करने वाला स्टाफ गिरफ्तार, घर पर इलाज जारी



**ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में धर्मेंद्र का वीडियो बनाकर लीक करने वाले हॉस्पिटल स्टाफ को गिरफ्तार कर लिया गया है। 12 नवंबर को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें धर्मेंद्र वैंटिलेटर पर नजर आए, वहीं उनका परिवार रोता दिखा था। निजता का उल्लंघन करने के आरोप में वीडियो बनाने वाले शख्स की तलाश की गई। जांच के बाद सामने आया कि वीडियो हॉस्पिटल के ही स्टाफ ने बनाया। पुलिस ने उस शख्स की गिरफ्तारी की है।**

## इंडियन आइडल पर अभिषेक की आवाज़ ने जीता श्रेया घोषाल का दिल

### बोलीं शंकर-एहसान-लॉय को दिखाने की बात



इस वीकेंड, इंडियन आइडल में होगा 'रॉक ऑन विद फरहान', एक खास एपिसोड जो फरहान अख्तर के 25 सालों के करियर को समर्पित है। इस संगीत भरे मौके पर, प्रतियोगी अभिषेक कुमार ने भाग मिल्खा भाग की 'ओ रंगरेजा' गाने की शानदार परफॉर्मेंस दी, जिसने जजों और दर्शकों दोनों को बहुत प्रभावित किया। श्रेया घोषाल परफॉर्मेंस देखकर बहुत भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, 'मैं आपके और आपकी परफॉर्मेंस का सही तरीके से बयान करने के लिए शब्द ढूंढ रही हूं, लेकिन सच में, कोई भी शब्द इसका सही मतलब नहीं बता सकता। यह एक गरिमा से भरी और बहुत ही भावपूर्ण परफॉर्मेंस थी। हमने और कई लोगों ने इस गाने को कई बार गाया है। 'ओ रंगरेजा', जिसे शंकर-एहसान-लॉय ने इतनी खूबसूरती से बनाया है, यह गाना हमेशा याद रहेगा। और आपने इसे इतनी आसानी और खूबसूरती से पेश किया; यह बहुत सरल और शानदार लगा। मैं सच में बहुत प्रभावित हुई हूं। जो हम यहां कर रहे हैं, वह जज करना नहीं बल्कि संगीत की तारीफ करना है। हम जो भी कर रहे हैं, वह सही है। आप उम्मीद की एक किरण हैं। ' फरहान अख्तर भी उतने ही प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा, 'ऐसा लग रहा है जैसे यह गाना खास तुम्हारे लिए ही बनाया गया हो। श्रेया ने इसे पहले बहुत खूबसूरती से गाया था, तो क्यों न आप दोनों इसे साथ में गाएं? मैं इसे आपकी आवाज़ में भी सुनना चाहता हूं। 'दोनों ने फिर स्टेज पर एक जादुई पल साझा किया। भावुक होकर श्रेया बोलीं, 'प्लीज़ मुझे ये क्लिप तुरंत भेजो! मैं इसे शंकर-एहसान-लॉय को भेजना चाहती हूं।

## रिलीज हुआ रानी चटर्जी की लेटेस्ट फिल्म हम हई जेठानी का ट्रेलर



### दिखा पारिवारिक संपत्ति का विवाद

भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हम हई जेठानी' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर पारिवारिक होने के साथ-साथ घर में संपत्ति के लिए हो रही साजिश को भी दिखाता है। एक्ट्रेस का रोल फिल्म में बहुत मार्मिक है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस खुद को तारीफ करने से नहीं रोक पा रहे हैं और फिल्म की जल्दी रिलीज की डिमांड कर रहे हैं। एक्ट्रेस रानी चटर्जी की फिल्म 'हम हई जेठानी' का ट्रेलर 'बीफॉरयू भोजपुरी' पर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर की शुरुआत में रानी चटर्जी यानी कात्यायनी का हंसता-खेलता परिवार दिखाया गया है, जिसमें उनके दो देवर और दो देवरानी मिलकर कात्यायनी की सेवा कर रही हैं। कात्यायनी को बच्चे होने में परेशानी हो रही है लेकिन वो अपनी देवरानी के बच्चों को अपने बच्चों की तरह पालती है लेकिन कात्यायनी को इस बात से अनजान है कि उसके दोनों देवर मिलकर सिर्फ संपत्ति के लिए उनकी सेवा कर रहे हैं। स्टोरी में ट्विस्ट तब आता है, जब कात्यायनी खुद मां बनने वाली है और अपने भतीजे को भी अपने साथ रहने के लिए बुला लेती है। अब घर के हर सदस्य का असली रूप सामने आने लगता है। ट्रेलर की शुरुआत में परिवार का प्यार देखकर चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी, लेकिन आखिर में आप रोने के लिए भी मजबूर हो जाएंगे। ट्रेलर फैंस को भी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने तारीफ कर लिखा, 'हर परिवार में ऐसा ही होता है, रिश्ते संपत्ति के लालची और दिखावट के हो चुके हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आपकी फिल्म आज की सच्चाई को दिखाती है रानी जी, ऐसी ही फिल्में आती रहें। ' फिल्म को अनिल नैनन ने निर्देशित किया है और निर्माण संदीप सिंह और नीलाभ तिवारी ने किया है। फिल्म में रानी चटर्जी के अलावा, खुशीझा, सोनाली मिश्रा, अयाज़ खान, प्रेम दुबे, रितेश उपाध्याय, गोलू तिवारी, रागिनी यादव, लोटा तिवारी, और प्रकाश जैस हैं। बाल कलाकार हर्ष राज और आदर्श गोयल भी फिल्म का हिस्सा हैं। रानी चटर्जी फिलहाल अपनी नई फिल्म 'यूपी वाली और बिहार वाली' की शूटिंग में बिजी हैं। इसी फिल्म के सेट से रानी आए दिन बीटीएस वीडियो शेयर करती रहती हैं। इसके अलावा, उनकी 'जानम' और 'बैरी बहुरिया' भी रिलीज हो चुकी हैं।


## दे दे प्यार दे 2 अजय देवगन और आर. माधवन अभिनीत फिल्म, जो परफेक्ट फैमिली एंटरटेनर है




निर्देशकः अंशुल शर्मा, लेखकः लव रंजन, तरुण जैन, कलाकारः अजय देवगन, आर. माधवन, रकुल प्रीत सिंह, जावेद जाफरी, मीजान, गौतमी कपूर, इशिता दत्ता, अवधिः 146 मिनट, रेटिंगः 4.5 'दे दे प्यार दे 2' एक ऐसी बेहतरीन फिल्म है, जो आपको इमोशनल करने के साथ चेहरे पर मुस्कान भी ला देगी। फिल्म का सीक्वल न केवल साल 2019 की ब्लॉकबस्टर मूवी के स्तर का है, बल्कि उसमें प्यार, ह्यूमर और एक ऐसी कहानी जोड़ता है, जो एक जुड़ाव महसूस कराती है। जहां आज के दौर में थ्रिलर और हाई-ऑक्टेन फिल्मों की भरमार है, वहीं 'दे दे प्यार दे 2' एक सच्चे फैमिली एंटरटेनर के रूप में खुद को साबित करती है। यह एक ऐसी फिल्म है जो परिवार के बारे में है। बेशक, इस फिल्म को परिवार के साथ ही देखा जाना चाहिए, चाहे आप एक माता-पिता हों, एक युवा हों, या एक बेटी जो अपने पिता के साथ एक खास रिश्ता साझा करती है। यह फिल्म आपके दिल को छू जाएगी। इस फिल्म ने दर्शकों को जमकर तालियां और सीटियां बजाने को मजबूर किया है। फिल्म में कॉमेडी और दिल छू लेने वाले इमोशनल सीन के बीच बेहतरीन संतुलन नजर आता है। इसके साथ ही यह प्यार और रिश्तों के बीच गहरा संदेश भी देती है। इस फिल्म के मुख्य किरदार अजय देवगन ने फिल्म में शानदार अभिनय किया है। वह बेहद सधी हुई कॉमेडी और इमोशन के बीच बड़ी आसानी से स्विच करते नजर आए हैं। यह फिल्म उनके फैंस के लिए एक शानदार तोहफा है। कई एक्शन-पैक्ड रोल के बाद अजय देवगन को एक बार फिर रोमांटिक-कॉमेडी जोन में देखना ताजगी भरा लगता है। दूसरी ओर, आर. माधवन इस कहानी में जान फूंकते हैं। एक ऐसा पिता, जो जटिल भावनाओं से जूझ रहा है, पूरी गर्मजोशी और भावनात्मक कोमलता का पावरहाउस बनकर उभरा है। अजय देवगन के साथ उनके सीन पैसा वसूल हैं, जहां ह्यूमर और दिल की गहराई बड़ी खूबसूरती से एक-दूसरे में घुल-मिल जाती है। यह कहना गलत नहीं होगा कि लीड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने इस फिल्म में अपने करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ अभिनय प्रस्तुत किया है। वह पर्दे पर बेहद आकर्षक और आत्मविश्वासी नजर आई हैं। जावेद जाफरी हर बार की तरह इस बार भी स्क्रीन पर आते ही आपको हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देंगे। वहीं, दूसरे भाग में मीजान की एंट्री प्रभावशाली है। वह सहज रूप से आकर्षक लगते हैं और सीमित स्क्रीन टाइमिंग में भी अपनी गहरी छाप छोड़ते हैं। फिल्म में सहायक कलाकार गौतमी, इशिता और सुहासिनी मुले फिल्म में गहराई लेकर आती हैं। उनका अभिनय इस शानदार फिल्म को बेहद खूबसूरती से पूरा करता है। निर्देशक अंशुल शर्मा ने 'दे दे प्यार दे 2' में प्यार, ह्यूमर और सहज कहानी कहने की कला को बखूबी पिरोया है। दमदार कास्ट को एक साथ बुनते हुए और उन्होंने हर कलाकार को अपनी छाप छोड़ने का भरपूर मौका दिया है। वह फिल्म के इमोशनल बीट्स और कॉमिक टाइमिंग को जिस नजाकत से संतुलित करते हैं, वह काबिल-ए-तारीफ है।

# करीना कपूर ने शेयर की सुबह वाली सेल्फी

### फिल्म को लेकर खुद से पूछा खास सवाल?



बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच आज उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल स्टोरी पर अपनी सुंदर सेल्फी शेयर कीं। जिसमें वह कार में सूरज की रोशनी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। इन तीनों सेल्फी के साथ करीना ने खुद से कुछ सवाल पूछे। करीना कपूर ने आज इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी तीन सेल्फी शेयर कीं। ये तीनों सेल्फी कार के अंदर क्लिक की गई हैं। पहली सेल्फी में करीना सिंपल ब्लू रंग की शर्ट के साथ चश्मा लगाए नजर आ रही हैं। धूप की रोशन ने उनके चेहरे की चमक को और बढ़ा दिया है। पहली सेल्फी के साथ करीना ने लिखा, 'सुबह वाली सेल्फी'। इसके साथ करीना ने इंद्रधनुष और लाल दिल वाली इमोजी जोड़ी। दूसरी सेल्फी भी इसी लुक में है, लेकिन इसके साथ करीना ने लिखा, 'क्या मैंने आज की अपनी लाइनें याद की हैं।' वहीं करीना की तीसरी सेल्फी ब्लैक एंड व्हाइट है, जिसके साथ उन्होंने अपने ही सवाल का जवाब देते लिखा, 'जाहिर है, मुझे पता है वह क्या हैं...' मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' पर काम कर रही हैं।

(साभार एजेंसी)

इस टीम से खेलते दिख सकते हैं 'सचिन के लाल'

# अर्जुन तेंदुलकर को ट्रेड करने की तैयारी में मुंबई इंडियंस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लिए रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट जारी होने से पहले ट्रेड डील सुर्खियों में है। संजू सैमसन और रविंद्र जडेजा को लेकर राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच ट्रेड डील होने की संभावना है। इस बीच खबर है कि मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को मुंबई इंडियंस  ट्रेड करने की तैयारी में है। वह अर्जुन को लखनऊ सुपर जायंट्स को देना चाहती है और शार्दुल ठाकुर को अपने साथ जोड़ना चाहती है। रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच शार्दुल ठाकुर और अर्जुन तेंदुलकर को ट्रेड करने को लेकर चर्चा हो रही है। हालांकि, यह ट्रेड डील थोड़ी अलग है। दोनों खिलाड़ियों का फ्रेंचाइजियों के बीच स्वतंत्र आदान-प्रदान हो सकता है। सीधे-सीधे शब्दों में इसे ऑल कैश ट्रांसफर कहा जा सकता है।

### बीसीसीआई देगा एक्सचेंज की जानकारी

आईपीएल के ट्रेड नियमों के अनुसार खिलाड़ियों के एक्सचेंज की आधिकारिक घोषणा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को करनी होती है। इसी वजह से फ्रेंचाइजी अभी तक चुप हैं। क्रिकबज के अनुसार मुंबई क्रिकेट जगत के सूत्रों ने पुष्टि की है कि एक्सचेंज स्वैप की संभावना है। यह घोषणा अगले कुछ दिनों में हो सकती है। साथ ही 15 नवंबर को खिलाड़ियों को रिटेन और रिलीज करने की सूची भी जारी होनी है।

शार्दुल ठाकुर को पिछले साल जेद्दा में हुई आईपीएल मेगा नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले लखनऊ सुपरजायंट्स ने उनके बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में चुना था। उन्होंने एलएसजी के लिए 10 मैचों केवल 18 रन बनाए, लेकिन 13 विकेट लेने में कामयाब रहे। उन्होंने मुख्य रूप से नई गेंद से प्रभावी गेंदबाजी की।

### अर्जुन को नहीं मिला खेलने को मौका

अर्जुन तेंदुलकर पिछले कुछ सीजन से मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा हैं। पिछली दो नीलामियों में उन्हें उनके बेस प्राइस 20 लाख रुपये में जोड़ा गया।

26 वर्षीय बाएं हाथ के ऑलराउंडर को पिछले सीजन में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था, लेकिन पिछले दो सीजन में उन्होंने चार मैच खेले हैं। 2023 में तीन और 2024 में एक मैच खेले। कुल मिलाकर उन्होंने पांच आईपीएल मैचों में 13 रन बनाए हैं और तीन विकेट लिए हैं।




साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने अपनी टीम को दी चेतावनी

# भारत के खिलाफ पहला टेस्ट आज से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व दक्षिण अफ्रीकी कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट सीरीज की शुरुआत मजबूती से करनी होगी और पहले टेस्ट में जीत की कोशिश करनी होगी.

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरुआत 14 नवंबर से कोलकाता में हो रही है. भारतीय टीम अपनी धरती पर बेहद मजबूत मानी जाती है. वहीं, दक्षिण अफ्रीका टेंबा बवुमा की कप्तानी में लंबे समय से टेस्ट फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन कर रही है और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2023-25) की विजेता है. इस वजह से भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज के रोमांचक होने की उम्मीद है. पूर्व दक्षिण अफ्रीकी कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा



है कि दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट सीरीज की शुरुआत मजबूती से करनी होगी और पहले टेस्ट में जीत की कोशिश करनी होगी. भारत की परिस्थितियों में वापसी मुश्किल होती है.

ग्रीम स्मिथ ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका को पारी की शुरुआत में जसप्रीत बुमराह का डटकर सामना करना होगा और इसके बाद भारतीय स्पिनरों का सामना भी सतर्कता से करना होगा. अगर शुरुआत में ही 2-3 विकेट गिर गए और फिर स्पिनर आ गए. उसके बाद टीम के लिए मुश्किल हो जाएगी. टीम को शुरुआत में विकेट खोने से बचना होगा. ' तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा की प्रशंसा करते हुए ग्रीम स्मिथ ने कहा कि वह निश्चित रूप से आक्रमण का अगुआ है, और वह नई गेंद से लय कैसे बना पाता है, यह टेम्बा की कप्तानी वाली टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा. केशव महाराज और साइमन हार्मर की स्पिन जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है, लेकिन तेज गेंदबाज रिवर्स स्विंग को कैसे संभालते हैं, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा. स्मिथ ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि कोलकाता की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी होगी.

यह एक ऐसा स्टेडियम है जो अगर यह भरा हुआ हो, तो दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा. स्मिथ की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका ने भारत में एकमात्र टेस्ट सीरीज जीती है.

## आईपीएल 2026 का सबसे बड़ा ट्रांसफर

● जडेजा लौट सकते हैं राजस्थान रॉयल्स, संजू सैमसन होंगे CSK के नए स्टार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में अब तक का सबसे बड़ा खिलाड़ी ट्रांसफर देखने को मिल सकता है।

रिपोर्ट्स के अनुसार चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा अपने करियर की शुरुआत करने वाली टीम राजस्थान रॉयल्स में वापसी करने वाले हैं। इस संभावित मेगा डील के तहत राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन छ्रस्च का हिस्सा बन सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि जडेजा को ऋक्ष में कप्तानी की जिम्मेदारी मिल सकती है, जिससे यह सौदा ढ्ढक्क इतिहास के सबसे चर्चित ट्रेड में से एक बन जाएगा।

**जडेजा की 'घर वापसी' - नेतृत्व के नए अवसर**

रिपोर्ट के मुताबिक, 37 वर्षीय रवींद्र जडेजा अपने करियर के अंतिम चरण में कप्तानी की भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने आईपीएल 2008 में राजस्थान रॉयल्स से ही अपने सफर की शुरुआत की थी और 2008 के खिताबी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी।

जडेजा ने 2012 में सीएसके जॉइन किया और अगले 13 सीजन में 2198 रन और 143 विकेट झटके, जिससे टीम ने तीन खिताब अपने नाम किए। राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन का मानना है कि उनके अनुभव से टीम को स्थिरता और दिशा मिलेगी, खासकर रियान पराग और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ियों के साथ।

## विश्व कप शतरंज: प्रज्ञानन्दा ने बचाई बाजी, अर्जुन, कार्तिक, हरिकृष्णा और प्रणव ने भी खेला ड्रॉ

**गोवा, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर्स के लिए मंगलवार का दिन राहत और रोमांच दोनों लेकर आया। फ़ीडे वर्ल्ड कप 2025 के चौथे दौर की पहली बाजी में भारत के आर. प्रज्ञानन्दा  रूस के डेनियल डुबोव के खिलाफ एक समय हार की कगार पर पहुँच गए थे पर उन्हें एक बार फिर अपने विरोधी की कुछ ग़लत चालों का और खुद की हर कीमत पर लड़ते रहने का फ़ायदा हुआ आवर मुश्किल स्थिति से ड्रॉ निकालकर प्रज्ञानंद नें अपनी उम्मीदें कायम रखीं है । वहीं भारत के अर्जुन एरिगैसी, कार्तिक वेंकटारमन , प्रणव वी और पी. हरिकृष्णा ने भी अपने-अपने मुकाबलों में केल मोहरो से खेलते हुए ड्रा खेला। दूसरे वरीय अर्जुन एरिगैसी ने अनुभवी हंगेरियन ग्रैंडमास्टर पीटर लेको के खिलाफ सिर्फ 20 चालों में खेल ड्रॉ कर लिया। हरिकृष्णा ने स्वीडन के निल्स ग्रैंडेलियस को 32 चालों में रोका, जबकि कार्तिक वेंकटारमन ने वियतनाम के ली



क्वांग लियेम से 36 चालों में अंक साझा किया। जबकि भारत के दल के सबसे युवा खिलाड़ियों में से एक प्रणव नें उज़्बकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी याकूबबोएव नोदिरबेक के ख़िलाफ़ 82 चालों तक चले मैराथन मुक़ाबले में शानदार बचाव करते हुए आधा अंक बांटा । वहीं प्रज्ञानन्दा का मुकाबला दिन का सबसे रोमांचक रहा। चौदहवीं चाल पर 'डी' प्यादा आगे बढ़ाने के बाद वे असुविधाजनक स्थिति में आ गए और घड़ी के दबाव में फंस गए। खेल की 39वीं चाल में उनसे एक भारी भूल हुई और अगर डुबोव घोड़े की चाल देख लेते तो प्रज्ञानन्दा की हार तय थी हालांकि डुबोव से निर्णायक चाल छूट गई और अंततः 41 चालों के बाद बाजी ड्रॉ पर समाप्त हुई। अन्य महत्वपूर्ण मुकाबलों में दो बार के चैंपियन यूएसए के लेवोन एरोनियन ने पोलैंड के राडोस्लॉव वोइटाजेक को 37 चालों में सफेद मोहरों से हराया। वहीं पेरू के जोसे एडुआर्डो मार्टिनेज अलकांतारा ने रूस के एलेक्सी साराना को 39 चालों में परास्त किया।

## लॉरा वोल्वार्ड्ट बनीं अक्टूबर 2025 की आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट को उनके शानदार प्रदर्शन और प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए अक्टूबर 2025 की आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के खिताब से सम्मानित किया गया है। भारत में आयोजित महिला क्रिकेट विश्व

● विश्व कप में रनों की रानी

कप 2025 के दौरान वोल्वार्ड्ट ने न केवल सबसे अधिक रन बनाए, बल्कि अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उनके बल्ले से आठ मैचों में 470 रन निकले, औसत रहा 67.14 और स्ट्राइक रेट 97.91, जो उनके क्लास और निरंतरता का प्रमाण है।

### बल्ले से दमदार प्रदर्शन - 470 रन और शानदार औसत

लॉरा वोल्वार्ड्ट ने अक्टूबर में खेले गए महिला विश्व कप 2025 में आठ मैचों में 470 रन बनाए। उन्होंने तीन अर्धशतक और एक शानदार शतक जड़ा, जिससे दक्षिण अफ्रीका को कई मैचों में जीत मिली। उनका प्रदर्शन बेहद स्थिर रहा, हर मैच में उन्होंने रन बनाए और टीम को मजबूती दी। उन्होंने 67.14 की औसत और 97.91 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए दिखाया कि वह केवल एक तकनीकी बल्लेबाज़ नहीं, बल्कि एक आक्रामक मैच फिनिशर भी हैं।

### 'यह सम्मान मेरे लिए बेहद खास' : वोल्वार्ड्ट

पुरस्कार मिलने पर वोल्वार्ड्ट ने अपनी खुशी जताते हुए कहा, 'महिला क्रिकेट के लिए यह एक ऐतिहासिक आयोजन था, और भारत में विश्व कप प्रदर्शन के बाद यह सम्मान मिलना गर्व की बात है।

टूर्नामेंट में कई शानदार मैच हुए और खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रदर्शन किया। यह सम्मान मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' उन्होंने आगे कहा कि भले ही टीम खिताब नहीं जीत सकी, लेकिन वह अपनी टीम की लड़ाकू भावना और निरंतरता पर गर्व महसूस करती हैं। 'हमने दिल से खेला, और हमें पूरा भरोसा है कि

अगला विश्व कप खिताब अब हमारी पहुँच में है। '

### इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में ऐतिहासिक 169 रन

वोल्वार्ड्ट के अभियान की सबसे बड़ी झलक सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ देखने को मिली, जब उन्होंने 143 गेंदों पर 169 रन ठोक डाले। उनकी इस पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 320 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया और पहली बार महिला विश्व कप फाइनल में प्रवेश किया।

### लगातार प्रदर्शन से बनीं नंबर 1 बल्लेबाज

विश्व कप के दौरान वोल्वार्ड्ट ने कई मैचों में अहम भूमिका निभाई
न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत में निर्णायक योगदान
भारत के खिलाफ 70 रनों की संयमित पारी
बांग्लादेश के खिलाफ 60* रनों की नाबाद पारी
पाकिस्तान के खिलाफ 90 रनों की आक्रामक पारी

इन लगातार प्रदर्शनों ने उन्हें आईसीसी महिला बल्लेबाज़ी रैंकिंग में नंबर 1 पर पहुंचा दिया।

दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 209 रन से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप में भारतीय टीम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला गया मुकाबला भारतीय टीम ने 209 रन के बड़े अंतर से जीता। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 292 रन बनाए थे। कप्तान दीपिका टीसी बी3 ने 58 गेंदों पर 91 रनों की पारी खेली थी। फूला सरेन बी3 ने 22 गेंदों पर नाबाद 54, अनेखा देवी बी2 ने 14, अनु कुमारी बी1 ने 14 और काव्या वी बी1 ने नाबाद 12 रन बनाए। इसके अलावा भारतीय टीम को 52 अतिरिक्त रन और 26 पेनल्टी रन मिले। 293 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया 19.3 ओवर में 57 रन पर सिमट गई।

दीपिका टीसी बी3 को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

भारत ने अपना पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ जीता था। दिन का पहला मुकाबला नेपाल और श्रीलंका के बीच खेला गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 87 रन बनाए थे। बी3 मिहिरानी दुलांजलि ने 23 रन बनाए थे। नेपाल की तरफ से कांति योगी ने 21 रन देकर 3 विकेट लिए। बिनीता पुन ने 11 रन देकर 1 विकेट लिया।

88 रनों का लक्ष्य नेपाल ने 5.2 ओवर में हासिल कर लिया। मनकेशी चौधरी ने 22 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से नाबाद 61 रनों की पारी खेली। मनकेशी की इस विस्फोटक पारी के दम पर नेपाल ने श्रीलंका को 9 विकेट से हरा दिया। मनकेशी चौधरी प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में किया जा रहा है। टूर्नामेंट 11 से 23 नवंबर तक खेला जाएगा। भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमरीका की टीम विश्व कप में हिस्सा ले रही है।

इस्लामाबाद आतंकी हमले के बाद खौफ में

# पाक दौरा छोड़कर लौटेगी श्रीलंकाई टीम!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान दौरे पर गई श्रीलंकाई टीम के आठ खिलाड़ियों ने इस्लामाबाद में हुए बम धमाके के बाद सुरक्षा चिंताओं के चलते घर लौटने का फैसला किया है. इस्लामाबाद की एक कोर्ट में सोमवार को हुए इस धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए थे. श्रीलंका क्रिकेट के एक सूत्र ने बुधवार को इसकी पुष्टि की. इस घटना के कारण रावलपिंडी में गुरुवार को निर्धारित दूसरा वनडे रद्द हो सकता है. बता दें कि पाकिस्तान ने मंगलवार को खेले गए पहले वनडे में 6 रनों से जीत दर्ज की थी.

इससे पहले श्रीलंका के खिलाड़ियों ने अपनी सुरक्षा को लेकर बोर्ड के सामने सवाल खड़े किए थे. उन्होंने



पाकिस्तान दौरा रद्द करने की इच्छा बोर्ड से जताई थी. जिसके बाद 8 खिलाड़ियों ने पाकिस्तान से लौटने का फैसला लिया. बता दें कि श्रीलंका की टीम को तीन मैचों की इस वनडे सीरीज के बाद जिम्बाब्वे और पाकिस्तान के साथ त्रिकोणीय सीरीज भी खेलनी थी. सूत्रों के मुताबिक, रावलपिंडी और इस्लामाबाद की नज़दीकी के कारण खिलाड़ियों ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और स्वदेश लौटने की इच्छा व्यक्त की.

### नकवी ने खिलाड़ियों से की थी मुलाकात

इस्लामाबाद में हुए आतंकी हमले के बाद श्रीलंकाई क्रिकेट टीम की सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन और गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने श्रीलंकाई टीम के अधिकारियों से मुलाकात की थी और उन्हें 'फूलप्रूफ सुरक्षा' का आश्वासन दिया था . लेकिन खिलाड़ी इससे आश्वस्त नहीं थे. पाकिस्तान में खिलाड़ियों की सुरक्षा सवालों में रही है तीन साल पहले न्यूजीलैंड की टीम ने रावलपिंडी में होने वाली व्हाइट बॉल सीरीज़ को आखिरी वक्त पर रद्द कर दिया था और सुरक्षा खतरे की विश्वसनीय जानकारी मिलने के बाद बिना मैच खेले ही वापस लौट गई थी.

### 2009 में श्रीलंका टीम पर हुआ था हमला

बता दें कि मार्च 2009 में, टीटीपी आतंकियों ने गद्दाफी स्टेडियम के पास श्रीलंकाई टीम की बस पर हमला किया था, जिसके बाद लगभग 10 साल तक पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बंद रहा था.

# अमेरिका में शटडाउन समाप्ति के बाद स्वास्थ्य बीमा पर वार्ता की संभावना

» वाशिंगटन, भाषा।

**अमेरिका में शटडाउन और इसकी वजह से उत्पन्न गतिरोध खत्म होने के साथ ही प्रतिनिधि सभा और सीनेट के रिपब्लिकन सांसदों ने कहा है कि वे डेमोक्रेट्स के साथ कोविड-कालीन कर क्रेडिट के विस्तार पर बातचीत करेंगे, जो करोड़ों अमेरिकियों को स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम सस्ते में लेने में मदद करता है। हालांकि, इस वर्ष के अंत तक सब्सिडी की समाप्ति से पहले द्विपक्षीय समझौता करना भले ही असंभव नहीं हो, लेकिन यह कठिन जरूर हो सकता है। देश में शटडाउन इसी सप्ताह खत्म हुआ, जब कुछ डेमोक्रेट्स ने रिपब्लिकन सांसदों के साथ समझौता किया, जिन्होंने एफोर्डेबल केयर एक्ट सब्सिडी के विस्तार पर दिसंबर के मध्य तक मतदान का वादा किया।**




लेकिन कोई निश्चित परिणाम नहीं है और कई रिपब्लिकन चाहते हैं कि क्रेडिट समाप्त हो जाए। प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जॉनसन ने सब्सिडी को बेकार का खर्च कहा और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओबामा-कालीन स्वास्थ्य सुधार को आपदा बताया। फिलहाल किसी नतीजे की उम्मीद नहीं है। देश में 43 दिनों तक शटडाउन की स्थिति रही। डेमोक्रेट्स की मांग है कि रिपब्लिकन विस्तार पर बातचीत करें और प्रीमियम में तेज वृद्धि से पहले समाधान निकालें। प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक नेता हकीम जेफ्रीस ने कहा, देखना बाकी है कि क्या वे गंभीर हैं। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि डेमोक्रेट्स बस शुरुआत कर रहे हैं। रिपब्लिकन सांसद निजी बैठकों में इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। कुछ चाहते हैं कि सब्सिडी बढ़ाई जाए, कुछ संशोधनों के साथ, ताकि प्रीमियम में व्यापक वृद्धि को रोका जा सके। वहीं जॉनसन और ट्रंप चाहते हैं कि ओबामाकेयर को पूरी तरह से नए सिरे से सुधारने की चर्चा शुरू की जाए। हालांकि 2017 में इसी तरह के प्रयास असफल रहे थे। स्वास्थ्य देखभाल लंबे समय से कैपिटल हिल में सबसे विवादास्पद मुद्दों में से एक रहा है, जिसे लेकर गहरी वैचारिक और राजनीतिक दरारें हैं। 2010 के कानून पर मतभेद दस साल से अधिक समय से जारी हैं और शटडाउन के दौरान हफ्तों की तनावपूर्ण परिस्थितियों के कारण संबंध पहले से ही जटिल हो गए हैं। हाल ही में अमेरिका में 43 दिनों तक शटडाउन की स्थिति रही, क्योंकि डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी (अफोर्डेबल केयर एक्ट सब्सिडीज) के विस्तार पर और बजट मुद्दों पर सहमति नहीं थी।

### हमले में 430 ड्रोन और 18 मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया

# रूस का कीव पर बड़ा हमला, चार लोगों की मौत और 27 लोग घायल

» कीव, भाषा।

**रूस द्वारा शुक्रवार तड़के यूक्रेन पर किए गए एक बड़े हमले में चार लोगों की मौत हो गई और राजधानी कीव के कई जिलों में इमारतों में आग लग गई व मलबा बिखर गया। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कीव के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि आपात दल ने कई हमलों का जवाब दिया और इस दौरान कम से कम 27 लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि देश भर में हुए इस हमले में कम से कम 430 ड्रोन और 18 मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने बताया कि देश के अन्य क्षेत्रों में हुए इस हमले का निशाना कीव था। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, यह सुनियोजित हमला लोगों और नागरिकों को यथासंभव अधिक नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया था।**



उन्होंने बताया कि इस्कंदर मिसाइल के टुकड़ों से अजरबैजान दूतावास क्षतिग्रस्त हो गया। शहर में कई शक्तिशाली विस्फोटों की आवाज सुनी गई और हवाई सुरक्षा व्यवस्था सक्रिय होने के बाद पंद्रह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। शहर के अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हो सकती है। दार्नित्स्की जिले में मलबा एक आवासीय इमारत के प्रांगण और एक शैक्षणिक संस्थान के परिसर में गिर गया। गिरते हुए मलबे की चपेट में आने से एक कार में आग लग गई। दिनप्रोव्स्की जिले में हमले के कारण तीन अपार्टमेंट, एक निजी घर और खुले क्षेत्र में आग लग गई। हमले से पोदिल्स्की जिले में पांच आवासीय और एक गैर-आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हो गए। शेवचेंकोव्स्की जिले में जलता मलबा गिरने से एक खुले क्षेत्र और गैर-आवासीय भवन में आग लगी। होलोसीव्स्की जिले में हमले की वजह से एक अस्पताल में आग लग गई और एक गैर-आवासीय भवन को नुकसान पहुंचा। देस्नियान्स्की और सोलोमियान्स्की जिलों में हमलों के बाद रिहायशी इमारतों में आग लग गई, वहीं सवियातोशिन्स्की जिले में एक निजी घर में आग लग गई। क्षेत्रीय प्रमुख मायकोला कलाश्निक ने बताया कि कीव क्षेत्र में रूसी हमलों से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और घरों को नुकसान पहुंचा, जिससे कम से कम एक नागरिक घायल हो गया। उन्होंने बताया कि बिला त्सेरकवा में 55 वर्षीय एक व्यक्ति को झुलसने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## एच-1बी वीजा कार्यक्रम को पूरी तरह समाप्त करने वाला विधेयक पेश करेंगी अमेरिकी सांसद



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, भाषा।** अमेरिका की एक सांसद ऐसा विधेयक पेश करने जा रही हैं जिसका उद्देश्य एच-1बी वीजा कार्यक्रम को पूरी तरह समाप्त करना और इससे मिलने वाली नागरिकता खत्म करना है, जिससे वीजा समाप्त होने पर लोगों को वापस घर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जॉर्जिया से कांग्रेस सदस्य मार्जरी टेलर ग्रीन ने बृहस्पतिवार को एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मेरे प्रिय अमेरिकी साथियो, मैं एक विधेयक पेश कर रही हूं जिसमें एच-1बी वीजा कार्यक्रम को पूरी तरह समाप्त करने का प्रस्ताव है। यह कार्यक्रम लंबे समय से धोखाधड़ी और दुरुपयोग से भरा रहा है और दशकों से अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां छीनता रहा है। उन्होंने कहा कि उनके विधेयक में सिर्फ एक छूट होगी और अमेरिकियों को जीवनरक्षक सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सकों और नर्स जैसे चिकित्सा पेशेवरों के लिए प्रति वर्ष 10,000 वीज़ा की सीमा होगी। ग्रीन ने यह भी कहा कि इस 10,000 की सीमा को भी अगले 10 वर्षों में धीरे-धीरे समाप्त कर दिया जाएगा। अमेरिकी सांसद ने कहा कि उनका विधेयक नागरिकता का रास्ता भी बंद कर देगा, जिससे वीज़ा धारकों को इसकी अवधि समाप्त होने पर स्वदेश लौटना होगा। उन्होंने कहा, ये वीजा किसी विशेष समय पर विशेषज्ञता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए शुरू किए गए थे। लोगों को यहां आकर हमेशा के लिए रहने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। हम उनकी विशेषज्ञता के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं लेकिन साथ ही हम चाहते हैं कि वे अपने देश लौट जाएं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने एच-1बी वीज़ा के दुरुपयोग को रोकने के लिए, खासकर प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा इसके इस्तेमाल को लेकर कड़ा अभियान शुरू किया है।

## जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस से मुलाकात की



**संयुक्त राष्ट्र, भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस से मुलाकात की और कहा कि वह मौजूदा वैश्विक व्यवस्था एवं बहुपक्षवाद पर उसके प्रभावों को लेकर संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के आकलन को महत्व देते हैं।जयशंकर ने भारत की विकास यात्रा के प्रति गुतारेस के निरंतर समर्थन के लिए भी उन्हें धन्यवाद दिया। जयशंकर ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, न्यूयॉर्क में आज संयुक्त राष्ट्र महासचिव से मिलकर अच्छा लगा। मौजूदा वैश्विक व्यवस्था और बहुपक्षवाद पर उसके प्रभावों को लेकर उनकी समझ महत्वपूर्ण है। विभिन्न क्षेत्रीय संकटों पर उनके विचारों की भी सराहना की। यह मुलाकात संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई जिसमें भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश, उप-स्थाई प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल और भारत के स्थाई मिशन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने भारत के विकास और उन्नति के लिए गुतारेस के स्पष्ट और निरंतर समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि वह जल्द ही भारत यात्रा पर आएंगे। इससे पहले, जयशंकर कनाडा में हुए जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए थे, जहां उनकी मुलाकात अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित कई वैश्विक नेताओं और समकक्षों से हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### एक दशक से अधिक समय बाद सीरिया ने लंदन में अपना दूतावास पुनः खोला, ब्रिटेन से रिश्ते गहरे करने पर जोर

» बेरुत, भाषा।

**सीरिया के विदेश मंत्री असाद अल-शिबानी ने बृहस्पतिवार को लंदन में देश का दूतावास औपचारिक रूप से पुन- खोला, जो एक दशक से अधिक समय से बंद था। यह कदम पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता हटाए जाने के बाद सीरिया के, अंतरराष्ट्रीय समुदाय में पुन- एकीकृत होने की दिशा में नवीनतम प्रयास माना जा रहा है। विदेश मंत्री की यह ब्रिटेन यात्रा अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा की वाशिंगटन यात्रा के बाद हुई, जो 1946 में देश की स्वतंत्रता के बाद किसी भी सीरियाई राष्ट्रपति की पहली अमेरिका यात्रा थी। लंदन स्थित अंतरराष्ट्रीय मामलों के थिंक टैंक चाथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में अल-शिबानी ने कहा कि ब्रिटिश विदेश सचिव यवेट कूपर के साथ उनकी मुलाकात सफल रही। उन्होंने कहा, सीरिया और ब्रिटेन के संबंध पहले से मजबूत हैं और हम कोई नया पन्ना नहीं खोल रहे हम इन संबंधों को और गहरा कर रहे हैं।**

असद के सत्ता से हटाए जाने के बाद, जहां कुछ देशों ने अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के इस्लामी कट्टरपंथी अतीत को लेकर सतर्कता बरती, वहीं अल-शिबानी ने कहा कि ब्रिटेन ने अन्य देशों की तुलना में प्रगतिशील रुख अपनाया। इसने जल्दी प्रतिबंध हटाए और नई सीरियाई सरकार के साथ संबंध स्थापित किए। इसने हमें सुरक्षा परिषद में समर्थन दिया और कई जटिल मुद्दों में मदद की। हाल के महीनों में देश के तट और दक्षिणी प्रांत स्वीदा में संघर्ष के कारण सांप्रदायिक घटनाएँ हुई, जिसमें सुन्नी समर्थक सरकारी बंदूकधारियों ने अलावाइट और द्रूज़ अल्पसंख्यकों के नागरिकों की हत्या की। अल-शिबानी ने बताया कि तट पर हिंसा में शामिल लगभग 300 लोग वर्तमान में जेल में हैं और सरकार ने स्थानीय पुलिस में अलावाइट समुदाय के लोगों को शामिल करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, जो भी गलतियां या अपराध हुए, उन्हें निश्चित रूप से सीरियाई सरकार स्वीकार नहीं करती।

### इंडोनेशिया के जावा द्वीप में भूस्खलन दो लोगों की मौत और 21 लापता

» जकार्ता, भाषा।

**इंडोनेशिया के जावा द्वीप में लगातार भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानाकारी देते हुए बताया कि बचाव दल लापता लोगों की तलाश कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण केंद्रीय जावा प्रांत के तीन गांवों में दर्जनों घर प्रभावित हुए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (एनडीएमए) के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा, भूस्खलन वाले इलाके में गोल्डन ऑवर (तत्काल एवं समय रहते) के दौरान बचाव दल के लिए खोज करना चुनौतीपूर्ण था। इसके बावजूद, संयुक्त टीम ने शुक्रवार सुबह बचाव अभियान जारी रखा।**

उन्होंने बताया कि अभियान की गति तेज करने के लिए भारी उपकरण तैनात किए गए हैं। राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी द्वारा जारी वीडियो में बचावकर्मी मलबे में दबे लोगों की तलाश करते दिखाई दिए। बचावकर्मी कठिन क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए भारी उपकरण, निकासी उपकरण और हाथ के औजारों का उपयोग कर रहे हैं। अक्टूबर से मार्च के बीच भारी मौसमी बारिश इंडोनेशिया में अक्सर बाढ़ और भूस्खलन का कारण बनती है। यह 17,000 द्वीपों वाला देश है, जहां लाखों लोग पहाड़ी क्षेत्रों या उपजाऊ बाढ़ मैदानों के पास रहते हैं। जनवरी में भी केंद्रीय जावा प्रांत में तेज बारिश के बाद बाढ़ और भूस्खलन में 20 से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं।

### उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में चार आतंकवादी ढेर

» पेशावर, भाषा।

**उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में कम से कम चार आतंकवादियों को मार गिराया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ये दोनों अभियान बृहस्पतिवार को कोहाट और करक जिलों में चलाए गए। कोहाट के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) शहबाज इलाही के अनुसार, सदर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ नियमित गश्त पर थे कि तभी आतंकवादियों ने बाजीद खेल के पास उन पर गोलीबारी शुरू कर दी।**

पुलिस ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें तीन आतंकी ढेर हो गए। पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने करक जिले के मीर कलाम बंदा इलाके में एक अभियान चलाया। आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक प्रवक्ता ने बताया कि कई गंभीर मामलों में वांछित एक आतंकवादी मुठभेड़ के दौरान मारा गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों से जुड़े नेटवर्क की पहचान के लिए जांच की जा रही है।

# गाजा में बचे चार बंधकों में से एक का शव लौटाया गया : इजराइल

» यरुशलम, भाषा।

**इजराइल ने बृहस्पतिवार को कहा कि गाजा युद्ध के दौरान 7 अक्टूबर, 2023 को अपहृत किए गए शेष चार बंधकों में से एक का शव चरमपंथियों ने उन्हें सौंप दिया है। इज़राइल ने मेनी गोदार्ड के शव के रूप में इसकी पहचान की। उन्हें दक्षिण इज़राइल के किबुत्ज़ बेएरी से अगवा किया गया था, जबकि उनकी पत्नी आएलेट उसी हमले में मारी गई थी। हमास और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद के सशस्त्र प्रभागों ने कहा कि गोदार्ड का शव दक्षिण गाजा में मिला। दस अक्टूबर को इज़राइल और हमास के बीच युद्धविराम शुरू होने के बाद अब तक 25 बंधकों के शव इज़राइल को लौटाए जा चुके हैं। गाजा में अब भी तीन बंधक बचे हैं जिन्हें सुरक्षित वापस लाना बाकी है।**



किबुत्ज़ बेएरी के अनुसार, गोदार्ड पेशे से फुटबॉलर थे और उन्होंने इज़राइली सेना में 1973 के पश्चिम एशिया युद्ध में सेवा दी थी। किबुत्ज़ में उन्होंने विभिन्न पदों पर काम किया, जिसमें प्रिंटिंग प्रेस का कार्य भी शामिल है। युद्धविराम समझौते के तहत, हर बंधक के शव के बदले में इज़राइल 15 फलस्तीनी शवों को लौटाता रहा है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक 315 शव प्राप्त हो चुके हैं। हमास ने कहा है कि गाजा में व्यापक तबाही के कारण शवों की वापसी जटिल है, जबकि इज़राइल ने कुछ मामलों में कहा कि लौटाए गए शव बंधकों के नहीं थे। युद्धविराम का पहला चरण पूरा होने के करीब है, जिसमें बचे तीन बंधकों की वापसी शामिल है। अगले चरण में अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल की तैनाती, टेक्नोक्रेटिक फलस्तीनी सरकार का गठन और हमास से हथियार अलग करना शामिल है। यह नाजुक समझौता उस युद्ध को समाप्त करने का प्रयास है, जो हमास के दक्षिण इज़राइल पर हमले के बाद शुरू हुआ था। हमास के हमले में करीब1,200 लोग मारे गए और 251 बंदी बनाए गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इज़राइल की जवाबी सैन्य कार्रवाई में अब तक 69,100 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

## इजराइल ने 15 फलस्तीनियों के शव लौटाए : गाजा के स्वास्थ्य अधिकारी



**खान यूनिस, भाषा।** इजराइल ने शुक्रवार को और 15 फलस्तीनियों के शव गाजा पट्टी के प्राधिकारियों को लौटा दिए। खान यूनिस स्थित नासेर अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हमास लड़ाकों ने सात अक्टूबर 2023 के हमलों के दौरान बंधक बनाए गए शेष चार इजराइली बंधकों में से एक के अवशेष बृहस्पतिवार रात इजराइल को सौंप दिए, जिसके बाद इजराइल ने भी शुक्रवार को 15 फलस्तीनियों के शव गाजा पट्टी के प्राधिकारियों को लौटा दिए। यह अमेरिका की मध्यस्थता वाले युद्ध-विराम समझौते की शर्तों को पूरा करने की दिशा में दोनों पक्षों की ओर उठाया गया नवीनतम कदम है। इजराइल ने हमास की ओर से लौटाए गए शव की शिनाख्त मेनी गोडार्ड के शव के रूप में की है, जिन्हें दक्षिणी इजराइल के किबुत्ज बेरी से अगवा किया गया था। गोडार्ड की पत्नी ऐलेट हमास के हमले के दौरान मारी गई थीं। हमास और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद की सशस्त्र शाखाओं ने कहा कि गोडार्ड का शव दक्षिणी गाजा में बरामद किया गया। इजराइल और हमास के बीच 10 अक्टूबर को युद्ध-विराम शुरू होने के बाद से 25 बंधकों के अवशेष इजराइल को लौटाए जा चुके हैं। गाजा में अभी भी तीन बंधकों के शव हैं, जिन्हें बरामद करके इजराइल को सौंपा जाना बाकी है। हमास ने 13 अक्टूबर को 20 जीवित बंधकों को इजराइल को लौटा दिया था। प्रत्येक बंधक की वापसी के बदले, इजराइल ने 15 फलस्तीनियों के अवशेष लौटाए हैं, जो युद्ध-विराम के पहले चरण के तहत एक महत्वपूर्ण आदान-प्रदान है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि अब तक कुल 330 फलस्तीनियों के शव हासिल हुए हैं, जिनमें से केवल 95 की ही औपचारिक रूप से पहचान हो पाई है। उन्होंने कहा कि डीएनए जांच किट की कमी के कारण बाकी शवों की शिनाख्त में मुश्किल पेश आ रही है।

# चीन ने नई तरह के जंगी जहाज का समुद्री परीक्षण शुरू किया

### ईएमएएलएस से लैस सबसे आधुनिक युद्धपोत

» बीजिंग, भाषा।

**चीन ने लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन को संचालित करने के लिए शुक्रवार को विद्युत चुम्बकीय विमान प्रक्षेपण प्रणाली (ईएमएएलएस) से लैस एक बड़े जंगी जहाज सिचुआन का समुद्री परीक्षण शुरू किया। चीनी नौसेना ने यह जानकारी दी। सशस्त्र संघर्ष के दौरान दुश्मन के इलाकों तक पहुंचने और थल सेना की मदद के लिए इस तरह के जहाजों का उपयोग किया जाता है। यह परीक्षण इस महीने की शुरुआत में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा देश के तीसरे विमानवाहक पोत, फ़ुजियान, के जलावतरण के बाद हुआ है। नई तरह का विमानवाहक पोत ईएमएएलएस से लैस सबसे आधुनिक युद्धपोत बताया जा रहा है। ईएमएएलएस का इस्तेमाल केवल अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड द्वारा किया जाता है।**


फुजियान से J-35 उड़ा रहा चीन

आधिकारिक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिचुआन ऐसा पहला जहाज है जो ईएमएएलएस से लैस है और यह जहाज बिजली से संचालित होता है। ईएमएएलएस, विमानवाहक जहाज पर विमानों के उतरने और उड़ान भरने की प्रक्रिया में तेजी ला सकता है। रक्षा विश्लेषकों का कहना है कि यह जहाज चीनी सैन्य बलों को ताइवान तट पर तेज़ी से पहुंचने में मदद कर सकता है। चीन, ताइवान के अपना हिस्सा होने का दावा करता रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के कारण, चीन विभिन्न वैश्विक समुद्री मार्गों पर परिचालन के लिए और अधिक विमानवाहक पोत बना सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन के पास जहाजों का अब दुनिया का सबसे बड़ा बेड़ा है, जिसमें 234 युद्धपोत हैं, जबकि अमेरिकी नौसेना के पास 219 युद्धपोत हैं।

## चीन अंतरिक्ष में फंसे तीन यात्री सुरक्षित पृथ्वी पर लौटे



**बीजिंग, भाषा।** अंतरिक्ष में मलबे से यान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद फंसे चीन के तीन यात्री शुक्रवार को सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी ने बताया कि अंतरिक्ष यात्री चेन डोंग, चेन झोंग्रुई और वांग जी को लेकर शेनझोउ-21 अंतरिक्ष यान का रिटर्न कैप्सूल उत्तरी चीन के मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में डोंगफेंग में उतरा। एजेंसी के अनुसार, अंतरिक्ष यात्रियों को पांच नवंबर को लौटना था लेकिन मलबे के छोटे टुकड़ों से यान के टकराने के बाद अंतिम समय में उनकी यात्रा स्थगित कर दी गई। इससे पहले मीडिया ने बताया था कि शेनझोउ-20 के रिटर्न कैप्सूल में छोटी दरारें पाए जाने के बाद चालक दल लौटने में असमर्थ था। वर्ष 2011 में अंतरिक्ष स्टेशन के शुरू होने के बाद इस पहली घटना ने चिंता बढ़ा दी है क्योंकि स्टेशन में सिर्फ तीन अंतरिक्ष यात्रियों की ही जगह है। चीन हर छह महीने में स्टेशन पर नए सदस्यों को भेजता है।

## बांग्लादेश ने जनमत-संग्रह पर अध्यादेश जारी किया, विशेषज्ञों ने असंवैधानिक बताया

**ढाका, भाषा।** बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार देर रात एक अध्यादेश जारी किया, जो अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस द्वारा प्रस्तावित राजनीतिक चार्टर पर जनमत-संग्रह के अनुरूप है। इस कदम पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए संवैधानिक विशेषज्ञों ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने जुलाई चार्टर कार्यान्वयन आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए जिसे यूनुस की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय सहमति आयोग ने तैयार किया है। यह मसौदा कई राजनीतिक दलों से विस्तृत परामर्श के बाद तैयार किया गया लेकिन अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अब भंग की जा चुकी अवामी लीग इससे बाहर रही। राष्ट्र के नाम दिए अपने संबोधन में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार यूनुस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले वर्ष फरवरी में प्रस्तावित राष्ट्रीय चुनाव के साथ ही जनमत-संग्रह कराया जाएगा ताकि जनता से चार्टर पर जनादेश लिया जा सके। प्रमुख संवैधानिक विशेषज्ञ और पूर्व कानून प्रोफेसर शाहदीन मलिक ने कहा, चार्टर में शामिल कई फैसले वर्तमान संविधान के विपरीत हैं और चूंकि संविधान अब भी लागू है तो राष्ट्रपति इस आदेश पर कानूनी रूप से हस्ताक्षर नहीं कर सकते। बांग्लादेश के संविधान में जनमत-संग्रह का कोई प्रावधान नहीं है और अनुच्छेद 93 के अनुसार कोई भी अध्यादेश संविधान में संशोधन या निरस्तीकरण के लिए जारी नहीं किया जा सकता। अध्यादेश के अनुसार, अगली संसद को अपनी पहली बैठक से 180 कार्यदिवस के भीतर चार्टर और जनमत-संग्रह के परिणामों के अनुरूप संविधान संशोधन पूरा करना होगा। मलिक ने इसे असंगत बताया। उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ वकील मोहम्मद रूहुल कुद्दूस ने भी पूछा कि संविधान में जनमत-संग्रह का प्रावधान ही नहीं है तो इसे किस कानूनी आधार पर कराया जा सकता है।

### कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर बड़े पैमाने पर विमानों को रद्द करना पड़ा

# पीआईए में व्यवधान जारी, पाकिस्तानी एथलेटिक्स दल की उड़ान छह घंटे से अधिक विलंबित

» कराची, भाषा।

**पाकिस्तान में विमान इंजीनियरों के साथ चल रहे विवाद के कारण आने-जाने वाली घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में भारी व्यवधान उत्पन्न हो गया है। इसके कारण देश की एथलेटिक्स टीम शुक्रवार को एक खेल आयोजन के लिए रियाद जाते समय छह घंटे से अधिक समय तक फंसी रही। एथलेटिक्स दल में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अरशद नदीम, उनके कोच सलमान बट और अन्य एथलीट शामिल थे। उनको उस समय निराशा का सामना करना पड़ा जब वे इस वर्ष रियाद में आयोजित होने वाले इस्लामिक सॉलिडेरिटी गेम्स में भाग लेने के लिए सुबह लाहौर हवाई अड्डे पर पहुंचे।**

बट ने स्थानीय समयानुसार दोपहर तीन बजे पीटीआई को बताया, हमें पता चला कि रियाद जाने वाली हमारी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की उड़ान छह घंटे से ज्यादा देरी से चल रही है। उड़ान की घोषणा में कहा गया था कि तकनीकी खराबी के कारण देरी हुई है। उन्होंने कहा, हम सुबह 9.25 बजे की उड़ान के लिए सुबह छह बजे हवाई अड्डे पर आए और तब से फंसे हुए हैं। पाकिस्तान की राष्ट्रीय विमानन कंपनी पीआईए और इंजीनियरों के प्रतिनिधि सोसाइटी ऑफ एयरक्राफ्ट इंजीनियर्स पाकिस्तान (एसएईपी) के बीच कई हफ्तों से तनातनी चल रही है। संबंध तब बिगड़ गए जब इंजीनियरों ने उड़ान योग्यता प्रमाण पत्र जारी करना बंद कर दिया, जिसके कारण इस महीने के शुरू में कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर बड़े पैमाने पर विमानों को रद्द करना पड़ा। पिछले सप्ताह पीआईए के बयान में दावा किया गया था कि जो भी उड़ानें रद्दाविलंब हो रही हैं, वे शेड्यूल में बदलाव,




मौसम की स्थिति या अन्य परिचालन कारणों के कारण हैं, लेकिन अब यह स्पष्ट है कि एसएईपी के साथ टकराव ही पिछले महीने से बाधित अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ान परिचालन का मुख्य कारण है। पाकिस्तान के प्रमुख हवाई अड्डों पर शुक्रवार सुबह भी कई एयरलाइनों को समस्याओं का सामना करना पड़ा, जहां व्यापक व्यवधान हुआ, कई उड़ानें रद्द हुई और कुछ में देरी हुई, जिससे यात्री प्रभावित हुए। पीआईए प्रबंधन और इंजीनियरों के बीच झगड़ा तीन महीने पहले शुरू हुआ था। दो इंजीनियरों (एसएईपी के पदाधिकारी) को पहले ही बर्खास्त कर दिया गया और इंजीनियरों द्वारा पीछे हटने से इनकार करने के कारण स्थिति और बिगड़ गई है। पीआईए प्रबंधन का दावा है कि इंजीनियरों की कार्रवाई आवश्यक सेवा अधिनियम का उल्लंघन है, जिसके तहत हड़ताल करना या काम छोड़ना कानूनी अपराध है। बेहतर वेतन पैकेज और पारिश्रमिक की मांग को लेकर आंदोलनरत इंजीनियरों का तर्क है कि वे काम पर हैं और बात सिर्फ इतनी है कि वे बिना पेशेवर निरीक्षण के प्रबंधन को विमान के लिए मंजूरी प्रमाण पत्र देने में असमर्थ हैं। प्रबंधन इसे तकनीकी कर्मचारियों की ओर से देरी की रणनीति के रूप में देखता है, जो दैनिक आधार पर उड़ानों को बाधित कर रहे हैं। पीआईए इंजीनियरों ने आरोप लगाया कि 10 अक्टूबर को विमान रखरखाव में गंभीर खामियों और प्रबंधन द्वारा लिए गए कई गैर-तकनीकी फैसलों ने पीआईए बेड़े को कबाड़खाने में बदल दिया है, जिससे परिचालन विमानों की संख्या 34 से घटकर केवल 17 रह गई है। इस बीच, पीआईए एयर लीग और पीआईए सीनियर स्टाफ ऑफिसर्स एसोसिएशन (एसएएसए) ने पीआईए प्रबंधन के साथ विवाद के बीच एसईएपी को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। एसईएपी की मांगों में वेतन में वृद्धि शामिल है, जो पिछले आठ वर्षों से स्थिर बनी हुई है, साथ ही विमान के कलपुर्जों का समय पर प्रावधान और बेहतर कार्य वातावरण भी शामिल है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,